# राज्य के 11 जिलों में पारा 10 के नीचे, कल रांची में बारिश के आसार

# बुधवार को गुमला सबसे ठंढ जिला रहा

**रांची।** रांची के साथ प्रदेश के 11 जिलों में न्यूनतम तापमान अब भी 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहने के कारण ज्यादा ठंड बरकरार है। सुबह में कुहासा, कनकनी और ठंडी हवा से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। हालांकि अगले दो दिन में न्यूनतम पारा में दो से चार डिग्री का उछाल आने के आसार हैं। लेकिन 20 दिसंबर को राज्य के ऊपर बादल छाएंगे। इससे रांची समेत कोल्हान प्रमंडल और दक्षिणी छोटानागपुर के सिमडेगा में बारिश होगी। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में बुधवार को गुमला सबसे ठंडा जिला रहा। यहां का न्यूनतम पारा 5.2 डिग्री दर्ज किया गया। रांची का न्यूतनम तापमान 9.2 डिग्री रहा। इसके अलावा पलामू, चतरा, गढ़वा, खूंटी, लोहरदगा, पश्चिमी सिंहभूम, हजारीबाग, रामगढ़ और धनबाद में तापमान नौ डिग्री या इससे भी कम रहा। पूरे राज्य में सबसे अधिक न्यूनतम पारा गोड्डा में 14.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार सर्द हवा की रफ्तार में कमी होने के साथ इसकी दिशा भी बदल रही है।



### कांके इलाके का न्यूनतम पारा 4.8 डिग्री

दक्षिणी पूर्वी हवा आने से न्यूनतम तापमान में और वृद्धि होगी और यहां पर बादल छाने के साथ वर्षा होगी। यहीं कारण है कि अब शहर से दूर आसपास के ईलाकों में भी ठंड में कमी आ रही है। शहर के बाहरी और खुले इलाकों का तापमान भी बढ़ रहा है। रांची के कांके क्षेत्र का न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस रहा। अन्य जगहों में नामकुम, टाटीसिलवे आदि में भी न्यूनतम तापमान में वृद्धि हुई है।

### अधिकतम तापमान में भी उछाल

रांची समेत अन्य शहरों के अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री की वृद्धि हुई। रांची का अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से दो डिग्री से भी अधिक है। पूरे राज्य में सरायकेला का अधिकतम तापमान सबसे ज्यादा रहा। यहां अधिकतम तापमान 29.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### हवा में बदलाव से हो रहा परिवर्तन

मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी भाग में बना एक निम्न दबाव क्षेत्र व्यापक होकर तमिलनाडू के उत्तरी तट की ओर बढ़ रहा है। इसके प्रभाव से झारखंड में दक्षिणी पूर्वी हवाएं आएंगे और मौसम तेजी से बदलेगा। 20 को राज्य के ऊपर बादल छाएंगे और दक्षिणी भाग के रांची, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला और सिमडेगा में कहीं कहीं बारिश होगी।

## 130 से अधिक स्टार्टअप की स्थिति चिंतनीय, सरकार करे पहल : एफजेसीसीआई

**रांची।** झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स के स्टार्टअप उप समिति की बैठक चैम्बर भवन में हुई। उप समिति चेयरमैन मनीष पियूष ने कहा कि झारखण्ड ही नहीं आसपास के अन्य किसी भी राज्य के स्टार्टअप का चैम्बर स्वागत करेगा और यहां के सकारात्मक मार्केट और टैलेंट को जोड़कर एक बड़ी कंपनी बनाने की संभावना तलाशेगा। नए वर्ष की शुरूआत में स्टार्टअप कॉन्क्लेव का आयोजन किया जायेगा। स्टार्टअप पॉलिसी का रिवाइज वर्सन जिसे वर्ष 2023 में लागू किया जाना था अबतक लागू नहीं किया जा सका है। सरकार का इन्क्यूबेशन सेंटर अब तक बंद पड़ा है और 130 से अधिक स्टार्टअप जिनका चयन हुआ था वे चिंतित हैं। सरकार को इसपर त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। इसके लिए राज्य के सभी स्टार्टअप को साथ जोड़ने का प्रयास भी शुरू कर दिया गया है। यह जानकारी प्रवक्ता सुनील सरावगी ने दी। मौके पर चैम्बर के अध्यक्ष परेश गट्टानी, उपाध्यक्ष राहुल साबू, ज्योति कुमारी, सह सचिव नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य आस्था किरण उप समिति चेयरमैन मनीष पियूष, सदस्य अंकिता वर्मा सौरभ कुमार, ऋतू राज, गुरु प्रवीण रेड्डी नामित कौर, मिथिलेश चौधरी, पियूष अग्रवाल, कृष्णा किशोर, आदित्य कुमार, प्रत्युष कुमार, सतिश महतो, अभिषेक उरांव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### विद्यालय का 36वां वार्षिक उत्सव मना



**रांची।** बीआईटी मेसरा स्थित किसलय विद्या मन्दिर का स्थापना 15 अगस्त 1988 को हुई थी। बुधवार को विद्यालय का 36 वां वार्षिक उत्सव मनाया। मुख्य अतिथि के रूप में वेद प्रकाश बाग्ला उपस्थित थे। मौके पर विद्यालय के बच्चों द्वारा कबाड़ से जुगाड़ के खिलौने, मनमोहक क्राफ्ट, एग्जीबिशन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मौके पर प्रधानाचार्या सुमन ठाकुर ने बताया कि किसलय विद्या एक ऐसा स्कूल है जहां शिक्षा के अलावा, भारतीय संस्कृति, परंपरा, नियमित खेल, स्वास्थ्य, मानवीय मूल्य, अनेकता में एकता का भाव पर बल दिया जाता है। किसलय विद्या बीआईटी मेसरा संस्थान की देख रख में चलाया जाता है। प्रधानाचार्य ने बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की एवं विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका जुगो देवी ने धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का समापन किया।

### नगर निगम कार्यालय में मेडिकल कैंप का आयोजन

**रांची।** रांची नगर निगम कार्यालय के छठे तल में ग्रिवांस रेडर्सल कमेटी एवं डे-एनयूएलएम के संयुक्त तत्वाधान में मेडिकल कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कैंप में डॉ० साकेत कुमार सोनी, हृदयरोग विशेषज्ञ के द्वारा भी रांची नगर निगम कार्यालय में कैम्प आयोजन में अपनी सहभागिता हेतु सहमति दी गई है। उक्त स्वास्थ्य कैम्प में रांची नगर निगम के सभी कर्मी/अधिकारियों का स्वास्थ्य जाँच निःशुल्क किया जाएगा। इसके अलावा आम नागरिक भी इस स्वास्थ्य जांच का लाभ ले सकते है।

### रांची सिटीजन फोरम रांची के सभी वार्डों में गठित करेगा 31 सदस्यीय वार्ड समिति : दीपेश



**रांची।** रांची सिटीजन फोरम के पदाधिकारियों की बैठक अध्यक्ष दीपेश निराला की अध्यक्षता में अपर बाजार के लालजी हिरजी रोड़ स्थित मानसरोवर बिल्डिंग में हुई। जिसमें विगत कई वर्षों से लंबित पड़े नगर निकाय चुनाव को यथाशीघ्र करवाने की पहल करने पर चर्चा हुई। पूर्व में 53 वार्ड अंतर्गत गठित वार्ड समिति को 31 सदस्यीय वार्ड समिति के रूप में विस्तारित करने को लेकर निर्णय लिया गया, जिसके लिए जनवरी, 2025 में सभी 53 वार्ड के वार्ड संयोजकों और सह-संयोजकों के साथ एक बैठक आहूत कर इस कार्य को संपन्न करवाने का निर्णय लिया गया। सचिव रेणुका तिवारी ने सभी पदाधिकारी को सूचित किया कि फोरम के साथ अब तक कुल 53 वार्ड से 10 हजार से अधिक सदस्य जुड़ चुके हैं, जिस पर उपस्थित पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया। बैठक में अध्यक्ष दीपेश निराला, उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह, सचिव रेणुका तिवारी, कोषाध्यक्ष विनोद जैन बेगवानी, सह-सचिव विवेक कुमार, सुशील कुमार शर्मा और हरीश नागपाल सम्मिलित हुए।

### ग्रामीण विकास विभाग कार्य प्रमण्डल बना कबाड़ की गाड़ियों का गोदाम



**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग कार्य प्रमण्डल कबाड़ की गाड़ियों का गोदाम बना हुआ है। विभाग की अनेकों वाहन जर्जर हालत में है। इन वाहनों में आठ रोड रोलर, दो स्पेशियो, चार एंबेसडर है। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सभी विभागों को कार्यालय स्वच्छ रखने का आदेश दे रखा है। बावजूद इसके कबाड़ की गाड़ियों को नहीं हटाया गया है। यह कार्यालय कबाड़ की गाड़ियों का गोदाम बनी हुई है।

### सड़क पर बने गड्ढे दुर्घटना को दे रहा निमंत्रण, इस ओर किसी का ध्यान नहीं



**रांची।** नगर निगम की उपेक्षा की शिकार निगम की सड़कें है। निगम की सड़कों पर प्रतिदिन दो से तीन बाइक सवारों की गंभीर दुघर्टना होती है,वहीं साधारण दुघर्टना 10 से 12 है। सड़कों पर बने गड्ढे भी दुर्घटना की वजहों में से एक है। ऐसा ही एक गड्ढा करमटोली से रिम्स जाने के रास्ते में है। यह गड्ढा बहुत पुराना है। मोटरसाईकल का चक्का इस गड्ढा पर फंस जाता है जिससे आए दिन दुघर्टना होती है।

### समर्पण शाखा कार्यकारिणी की बैठक

## नवंबर माह का प्रतिवेदन हुआ पेश





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची समर्पण शाखा के सत्र (2024 25) की नौवें कार्यकारी बैठक शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया की अध्यक्षता में अपर बाजार स्थित नानी एंक्लेव में संपन्न हुई। सर्वप्रथम शाखा अध्यक्ष ने स्वागत उदगार दिया। साथ ही सदस्यता शुल्क संग्रह करने के लिए कविता सोमानी और डोली बंसल की प्रशंसा की। मीटिंग में पिछली बैठक की कार्यवाही सभा पटल में रखी गई। इसके बाद सचिव शुभा अग्रवाल ने नवंबर माह का प्रतिवेदन पेश किया। बैठक में दिसंबर और जनवरी माह में होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। जिसमें विशेष रूप से मंच स्थापना दिवस, कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर, गो सेवा, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, जन सेवा के कार्य आदि पर चर्चा की गई। आगामी प्रांत अधिवेशन पर विस्तृत चर्चा की गयी। साथ ही जनवरी महीने में होने वाले मंडलीय वनभोज पर चर्चा की गई। शाखा सचिव ने धन्यवाद ज्ञापन दिया और अध्यक्षा द्वारा बैठक की समाप्ति की गई। शाखा की कार्यकारिणी बैठक में अध्यक्ष विनिता सिंघानिया, सचिव शुभा अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष सुमिता लाठ , मीना टाईवाला, कार्यकारिणी सदस्य रितु पोद्दार, कोमल पोद्दार, पूजा अग्रवाल, दीपिका मोतीका, चंद्रकला, दिशा जैन उपस्थित थी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

### एसएस मेमोरियल कॉलेज में 'इंजोत' युवा महोत्सव 2024 का शुभारंभ

## युवाओं ने महोत्सव में उकेरी अपनी कलाकृतियां

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एसएस मेमोरियल कॉलेज में 'इंजोत' युवा महोत्सव 2024 का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा ने किया। मौके पर डॉ वर्मा ने कहा कि कॉलेज के विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई व खेल कूद के साथ सांस्कृतिक क्षेत्र में भी ध्यान देने की आवश्यकता है क्योंकि आज के युवा ही संस्कृति के वाहक होंगे । आज के युवाओं को एक सुलभ अवसर प्रदान करने का कार्य कॉलेज हमेशा से करता रहा है ।इस इंजोत युवा महोत्सव 2024 में विद्यार्थियों ने खूब बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । बुधवार को भाषण प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता,क्वीज प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता,पेंटिंग प्रतियोगिता, मिट्टी कला (क्ले) प्रतियोगिता, लघु नाटिका प्रतियोगिता, मिमिक्री प्रतियोगिता, माइम अभिनय प्रतियोगिता, काव्य पाठ प्रतियोगिता, कोलाज प्रतियोगिता व बेस्ट आऊट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिता में कॉलेज के बाहर से एक एक विशेषज्ञ आमंत्रित किये गये थे। सभी



प्रतियोगिताओं का रिजल्ट एक्सपर्ट द्वारा तैयार कर लिया गया है। 20 को सामापन समारोह के दिन विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। इन तीन प्रतियोगिता माइम, मिमिक्री व लघु नाटिका में बहुत कम मात्रा में विद्याथीर्यों ने भाग लिया, जिस कारण कोई भी विद्यार्थी का सेलेक्शन (क्वालीफाई ) नहीं हो पाया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ वर्मा का कॉलेज के विद्यार्थियों से अपील की आप इंजोत युवा महोत्सव 2024 में अवश्य भाग लें और अपनी प्रतिभा को निखारें। साथ ही 20 दिसंबर को दूसरी पाली 1 बजे से इंजोत युवा महोत्सव 2024 का समापन्न समारोह सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन होगा। इंजोत युवा महोत्सव 2024 के प्रथम दिवस कार्यक्रम में डॉ समर सिंह, प्रो राजेश कुजूर, डॉ सावित्री बड़ाईक, डॉ राजश्री महतो, डॉ आरएन सिंह, डॉ अनिल बीरेन्द्र कुल्लू, डॉ मंजु सिंकु, डॉ प्रेमा कुमारी, डॉ रणजीत चौधरी, डॉ अनीता गुप्ता, डॉ रवि कुमार दास, डॉ बीके अखोरी, डॉ एनके पाण्डे, डॉ मुकेश उरांव, डॉ राजश्री इंदवार, डॉ लक्ष्मी कुमारी, डॉ उषा कीड़ो, डॉ त्रिभुवन साही, डॉ सुबास साहु, डॉ रीना कुमारी, डॉ अभिषेक कुमार गुप्ता, डॉ लक्ष्मी कुमारी, डॉ संजय सरंगी, डॉ जेबा, डॉ नेहा टोप्पो, डॉ रुकैया, डॉ प्रांजल कुमारी, डॉ रागिनी सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

## अपराधी सजाउद्दीन ने रंगदारी के लिए सफदर सुल्तान पर किया जानलेवा हमला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के पिठौरिया में बुधवार को कुख्यात अपराधी सजाउद्दीन और उसके गुर्गों ने रंगदारी के लिए कोकदोरो निवासी सफदर सुल्तान पर जानलेवा हमला किया। इससे सफदर सुलतान गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। इस घटना से पहले से ही पिठोरिया थानेदार पर लगातार संरक्षण देने के आरोप लग रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार एफआईआर दर्ज होने के बाद भी थानेदार सजाउद्दीन और उसके गुर्गों को गिरफ्तार करने के बजाए राहत दे रही थी।

जानलेवा हमला करने की घटना को लेकर सफदर सुल्तान ने कोकदोरो निवासी सजाउद्दीन अंसारी, शाहिद अंसारी उर्फ छोटू उर्फ तारीफ अंसारी, रमीज अंसारी, इरशाद अंसारी, खालिक अंसारी, बबलू



● मामले की जांच की जा रही है : ग्रामीण एसपी

उर्फ अर्सलान अंसारी, समशाद अंसारी, शहबाज अंसारी, और उपरकोनकी निवासी साहिल अंसारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है।

**हिरासत में भी लिया गया, लेकिन कुछ ही देर में छोड़ दिया**

पीड़ित परिवार के अनुसार, 12 दिसंबर को कुख्यात सजाउद्दीन अपने गुर्गों के साथ कोर्ट पहुंचा था। सजाउद्दीन पर दर्ज कई मामलों की सुनवाई कोर्ट में चल रही है। कांके थाना में दर्ज केस में सजाउद्दीन ने कोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी लगाई है। इसी केस में जमानत पाने के लिए सजाउद्दीन अपने गुर्गों के साथ पहुंचा था। इसकी भनक पुलिस को लगी। सजाउद्दीन को गिरफ्तार करने भी पुलिस पहुंची। उसे कोर्ट के बाहर हिरासत में भी लिया गया। लेकिन कुछ देर के बाद पुलिस ने उसे छोड़ दिया। पुलिस की यह हरकत इशारा कर रही कि सजाउद्दीन पर पुलिस कितनी मेहरबान है।

**मामले की जांच की जा रही है : ग्रामीण एसपी**

इस मामले पर ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने कहा कि घटना की सूचना मिली है। मामले की जांच की जा रही है। जहां तक थानेदार पर संरक्षण के जो आरोप लगे हैं, इसकी जांच की जा रहा ही। पुष्टि होने पर थानेदार पर कारवाई की जाएगी।

## 20 माह से नहीं मिला वेतन, पैसे के अभाव में बेटे की मौत

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के अतिथि शिक्षकों को विगत 20 माह से वेतन न मिलने से समस्या गंभीर और हृदयविदारक रूप ले चुकी है। इस आर्थिक संकट ने शिक्षकों और उनके परिवारों के जीवन पर गंभीर असर डाला है। बुधवार की सुबह रामलखन सिंह यादव कॉलेज में कार्यरत अतिथि शिक्षक व संघ के अध्यक्ष अरविंद प्रसाद के पुत्र का निधन हो गया। वेतन के अभाव में श्री प्रसाद अपने बच्चे का इलाज नहीं करा पाए। यह घटना शिक्षा व्यवस्था और मानवता के लिए एक गहरी क्षति है। अतिथि शिक्षक संघ ने इस दुखद घटना के लिए रांची विश्वविद्यालय के कुलपति समेत पूरे विवि प्रशासन को पूरी तरह से दोषी ठहराया है। 20 माह से वेतन न मिलने की समस्या को बार-बार उठाने के बावजूद कोई समाधान नहीं निकाला गया। राज्य सरकार एवं उच्च न्यायलय के स्पष्ट दिशानिर्देश मिलने के बाद भी विवि प्रशासन की आपराधिक लापरवाही बरती, और अतिथि शिक्षकों को बकाया मानदेय तो नहीं ही दिया।

## कमजोर लोगों के लिए अन्नपूर्णा सेवा निरंतर चलती रहेगी : सुरेश चंद्र अग्रवाल

### अन्नपूर्णा सेवा में 440 लोगों ने किया भोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा संचालित पहाड़ी मंदिर रोड स्थित श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा में 230 लोगों ने भोजन प्राप्त किया। इस अन्नपूर्णा सेवा स्व. राजकिशोर मोदी एवं स्व. चंदा देवी मोदी देवी की पुण्य स्मृति में उनके पुत्रों द्वारा किया गया। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित पुरुलिया रोड स्थित स्वर्णभूमि अन्नपूर्णा सेवा केंद्र में 210 लाभुकों ने भोजन प्राप्त किया। दोनों अन्नपूर्णा सेवा मे 440 लोगों ने भोजन किया। इस अवसर पर अन्नपूर्णा सेवा के संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि माता अन्नपूर्णा लोगों को इसी प्रकार सेवा करने की प्रेरणा प्रदान करें और प्रभु की कृपा सदैव सबों के परिवार पर बनी रहे। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए अन्नपूर्णा सेवा निरंतर चलती रहेगी। दोनों अन्नपूर्णा सेवा विगत 33 माह से प्रतिदिन निरंतर सफलतापूर्वक चलाया



जा रहा है। इस अवसर पर मारवाड़ी सम्मेलन के जिला अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन, प्रमोद अग्रवाल, पुरुषोत्तम विजयवर्गीय, प्रदीप नारसरिया, मनोज रुइया, द्वारका प्रसाद अग्रवाल, निर्भय शंकर हरित, सांवरमल बुधिया, राजेंद्र अग्रवाल, रमेश बंका, संजय सर्राफ सहित कई सदस्य उपस्थित थे। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि दोनों अन्नपूर्णा सेवा स्व. सत्यनारायण नारसरिया एवं स्व. शारदा देवी नारसरिया की स्मृति में एवं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा संचालित है।

### आज / कल





### कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की पिठोरिया गांव को लेकर गंभीर

## पदाधिकारियों ने पिठोरिया गांव का किया दौरा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शून्य से नीचे तक के तापमान का सामना करने वाला कांके प्रखंड का पिठोरिया गांव सब्जी उत्पादन का बड़ा क्षेत्र है। यहां सुबह पांच बजे से बाजार लगना शुरू होता है और सुबह के आठ बजे तक किसान 1000 रुपए से 25000 रुपए तक की आय प्राप्त करते हैं। इस गांव के किसान बड़े पुरस्कार विजेता रहे हैं। सब्जी के अलग-अलग किस्मों का उत्पादन कर दूसरे राज्यों और जिलों में भेजते हैं। बावजूद इसके यहां के बाजार में बुनियादी सुविधाओं की कमी है।

इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार ने पिठोरिया बाजार बुनियादी सेवाओं से वंचित शीर्षक प्रकाशित किया था। झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने पदाधिकारियों को पिठोरिया गांव की समीक्षा कर रिपोर्ट तीन दिनों के अंदर जमा करने का निर्देश दिया था। इसके बाद





पिठोरिया के लिए चिंतित हुई कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, पदाधिकारियों को दिये निर्देश

किसानों की सब्जियों का नहीं हो नुकसान

खास खबर

मनोज मिश्रा

पिठोरिया बाजार बुनियादी सुविधाओं से है वंचित



किसानों की सब्जी का नहीं हो नुकसान शीर्षक से राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार में खबर प्रकाशित की गई थी। इस क्रम में विभाग के पदाधिकारी कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के निर्देश पर अपनी टीम के साथ पिठोरिया गांव का दौरा कर किसानों की समस्याओं से रूबरू हुए। बाजार की साफ-सफाई,सुरक्षा, पीने के पानी, स्ट्रीट लाइट,शौचालय, लैम्पस, कोल्ड स्टोरेज आदि विषयों पर गहनता से जानकारी ली।

## धनुर्मास के तीसरे दिन वामन भगवान का मंगलाशासन किया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राणी सती मंदिर लेन स्थित श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में तीस दिवसीय धनुर्मास - महोत्सव में बुधवार को श्रीगोदम्बा देवी के द्वारा अनुष्ठित व्रत के तीसरे दिन के तरूप्पावै पाशुर मे त्रिविक्रम -वामन भगवान का मंगलाशासन किया गया। सम्पूर्ण विधि से नित्याराधन हुआ। पोंगल ,चटनी और फल का वाल भोग लगा। भगवान को 'ओंगि युलगलंद' नाम वाला पोषाक धारण कराया,औषध का पान और गरम शॉल ओढ़ाया गया। अनेकानेक प्रकार से स्तुति पूर्वक विनत भाव से स्तवन हुआ।

धनुर्मास का स्वरूप

सौरमास, चांद्रमास, नाक्षत्रमास और सावन मास यही मांस के चार भेद हैं। सौरमास का आरंभ सूर्य की संक्रांति से होता है। सूर्य की एक





संक्रांति से दूसरी संक्रांति का समय सौर मास है। इसी प्रकार 16 दिसंबर को सूर्य के धनु राशि में प्रवेश करने से धनुर्मास कहा गया और 14 जनवरी से मकर राशि में संक्रमण करने के पश्चात मकरमास होगा। दक्षिण भारत में राशि के नाम से ही मासों का नाम होता है तथा सौरमास को माना जाता है। उत्तर भारत में विशेषतः चांद्रमास की मान्यता है , यह दो तरह का होता है। शुक्ल प्रतिपदा से आरंभ होकर अमावस्या को पूर्ण होने वाला तथा दूसरा कृष्ण प्रतिपदा से पूर्णिया तक पूर्ण होने वाला। ज्यादातर कृष्ण प्रतिपदा से पूर्णिया तक पूर्ण होने वाले मास को ही माना जाता है। इस प्रकार दक्षिण भारत और उत्तर भारत के मानक मास में कुछ दिनों का अंतर होता है। दक्षिण भारत का मानक मास पीछे हो जाता है तथा दक्षिण में धनुर्मास को मार्गलि या मार्गशीर्ष कहा जाता है। गोदा देवी वटपत्रशायि भगवान श्रीरंगनाथ के उपासना के लिए खास-मास धनुर्मास को चुना है।

## एक नजर

### सिल्ली-मुरी व आसपास के क्षेत्र में हुई अलाव की व्यवस्था



सिल्ली। सिल्ली- मुरी व आसपास के क्षेत्र में कड़ाके के ठंड शुरू हो चुकी है। क्षेत्र में कड़ाके की ठंड को देखते हुए प्रखंड अंचल कार्यालय से अलाव की व्यवस्था क्षेत्र में ग्रामीणों के बीच किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इसी क्रम में प्रखंड से अलाव का व्यवस्था को लेकर अंचलाधिकारी को धन्यवाद दिया।

### एरियर घोटाले में फ्रीज हुए अकाउंट का पैसा विश्वविद्यालय में जमा करने की मांग

**रांची।** आजसू का एक प्रतिनिधिमंडल हरीश कुमार के नेतृत्व में बुधवार को रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय में वर्ष 2008 में एरियर के पैसे में हुए घोटाले की फाइल खोजने व कोर्ट की ओर से फ्रीज अकाउंट का पैसा को विश्वविद्यालय के अकाउंट में लाने का आग्रह किया। रांची विश्वविद्यालय में एरियर मद से 1 करोड़ 31 लाख रुपए की गलत तरीके से निकासी की गई थी। 2008 से मामला कोर्ट में विचाराधीन है। इस मामले में कुलपति ने रजिस्ट्रार ऑफिस को दो दिनों के भीतर फाइल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। प्रतिनिधिमंडल में ओम वर्मा, चेतन प्रकाश शामिल थे।

### ओरमांझी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष की पत्नी की अस्पताल में मौत

**ओरमांझी ।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार की 43 वर्षीय पत्नी बीना खरवार की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना बुधवार दोपहर की है वह पिछले तीन-चार दिनों से बीमार थी। वह महिला समूह के साथ पीडीएस की दुकान चलाती थी। उनका अंतिम संस्कार खरवार के पैतृक आवास चापावार से श्मशान के लिए सुबह साढ़े 10 बजे निकलेगा। शोक व्यक्त करनेवालों में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, विधायक राजेश कच्छप, जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुंडा, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, अशोक कुमार गुप्ता, सुरेश प्रसाद साहू, विधायक प्रतिनिधि प्रेमनाथ मुंडा, रवि साह, सुरेंद्र उरांव, हरिमोहन महतो, रीना मुंडा और शोभा देवी आदि शामिल हैं।

### बैंक में पैसे जमा करने का झांसा दे 3 लाख लेकर भाग ठग

**रांची।** हिनू की शुक्ला कॉलोनी निवासी रविंद्र यादव ने खाते में पैसे जमा करने के नाम पर एक लाख रुपए ठगने के आरोप में बुधवार को डोरंडा थाने में तीन अज्ञात पर केस दर्ज कराया। घटना मंगलवार की है। पीड़ित ने बताया कि वह बैंक ऑफ बड़ौदा में पैसे जमा करने के लिए पर्ची भर रहे थे। तभी तीन लोग आए और बैंक से बाहर ले गए। तीनों ने बैंक में खाता नहीं होने की बात कह खुद के खाते में तीन लाख रुपए जमा कराने का आग्रह किया। तीनों ने उनके एक लाख रुपए ले लिए और एक रुमाल में एक बंडल थमाते हुए तीन लाख रुपए होने की बात कही। उन्होंने जब बैंक में जाकर रुमाल खोला तो उसमें कागज का बंडल था। वह फौरन बाहर आए, लेकिन तीनों ठग फरार हो चुके थे।

### जैन साध्वियों का खूंटी में हुआ आगमन

**खूंटी।** 15 जैन साध्वियों का बुधवार को खूंटी में आगमन हुआ। उनके खूंटी पहुंचने पर जैन समाज के लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। बैंड बाजा के साथ जैन समाज के महिला-पुरुष जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। सबसे पीछे सजी-सजाई गाड़ी चल रही थी।

---

कार्यशाला में पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

# 25 हजार नए सदस्य बनाएगी खलारी भाजपा



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा खलारी मंडल का कार्यशाला एनके एरिया वीआईपी सभागार में हुआ। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू ने की। कार्यशाला में मुख्य अतिथि सदस्यता प्रभारी के रूप में एससी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश राम उपस्थित थे। बैठक में सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा किया गया। खलारी मंडल में 25000 सदस्य को जोड़ने का संकल्प लिया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से पंचायत के अध्यक्ष, प्रभारी, संयोजक, मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, मंच मोर्चा के अध्यक्ष, सचिव व कार्य समिति के सदस्यों को नया सदस्य बनाने के लिए प्रशिक्षित किया गया। संचालन कार्तिक पांडेय ने किया। कार्यशाला में वरिष्ठ नेता अरविंद सिंह, जिप सदस्य पश्चिमी सरस्वती देवी, फुलेश्वर महतो, श्यामसुंदर सिंह, भारत रजक, मंडल संयोजक रामसूरत यादव, ममता केसरी, किरण देवी, नागदेव सिंह, प्रदीपकुमार सिंह, शिवकुमार चौधरी, कमलेश महतो, अजीत पांडेय, गणेश यादव, शत्रुंजय सिंह, चतुर्गुण भुइयां, कुलदीप लोहार, दिलीप गंझू, रामधारी गंझू, सरोजिनी देवी, मीरा देवी, सरिता देवी, रितेश केसरी, संजीत तुरी, प्रमोद प्रजापति, रामेश्वर महतो, रविभूषण सिंह, अनिल तुरी आदि उपस्थित थे।

## टीबी के संभावित मरीजों की जांच बढ़ाएं, मृत्युदर कम करें : इमरान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के अभियान निदेशक अबू इमरान ने राज्य में टीबी के संभावित रोगियों की जांच दर को बढ़ाने एवं मृत्युदर में 90 प्रतिशत एवं इंसीडेंस रेट में 80 तक कमी लाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए कार्य करने का निर्देश दिया है। अभियान निदेशक बुधवार को एसटीडीसी सभागार, नामकुम में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम, झारखण्ड अन्तर्गत निजी क्षेत्र के टीबी मरीजों को प्रावधानित सभी सुविधाएं मुहैया कराने को कार्यरत एजेंसी ट्राई के दो द्विवसीय समीक्षात्मक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि टीबी मरीजों के इलाज में एवं उनके परिवार के सभी सदस्यों की जांच में उन्हें खर्च नहीं करना पड़े, इसके लिए आवश्यक कदम उठाया जाए। ईलाजरत मरीजों को नि-क्षय पोषण सहायता अन्तर्गत सरकार से प्रतिमाह 1,000 रुपए दिए जाने का प्रावधान है। उन्होंने सभी कॉरपोरेट, विभिन्न विभागों एवं गैर सरकारी संस्थाओं को नि-क्षय मित्र बन कर मरीजों को गोद लेकर फूड बास्केट उपलब्ध कराने का आग्रह किया। राज्य यक्ष्मा पदाधिकारी, डॉ. कमलेश कुमार ने टीबी मरीजों का बैंक खाता शत प्रतिशत उपलब्ध कराने तथा उन्हे पोषण योजना का लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने अगामी वर्ष से टीबी मरीजों के बेहतर उपचार के लिए नई दवा बी पाल उपलब्ध कराने की हिदायत दी। उन्होंने 100 दिनी टीबी अभियान के तहत राज्य के चार जिलों हजारीबाग, रामगढ़, सिमडेगा एवं गुमला में अभियान को सफल बनाने में विभिन्न विभागों एवं गैर सरकारी संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया है। कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त जंच, उपचार एवं नि-क्षय पोषण योजना, टीबी मुक्त पंचायत के अलावा अन्य सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से सभी टीबी रोगियों को जोड़ने तथा लोगों में जागरूकता लाने को कहा। जोखिम वाले समूहों/क्षेत्रों में नि-क्षय वाहन के माध्यम से संभावित टीबी मरीजों की खोज योजनाबद्ध तरीके से करने एवं अभियान में जनसहभागिता सुनिश्चित कर इस अभियान के लक्ष्य को प्राप्त करने का निर्देश दिया।

### मारवाड़ी ने योगदा कॉलेज को दी मात, जेएन कॉलेज को मिला वॉकओवर

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता 2024- 25 में मंगलवार को मारवाड़ी कॉलेज ने योगदा कॉलेज को 5 विकेट से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. वहीं जेएन कॉलेज को बिरसा कॉलेज खूंटी के खिलाफ वॉकओवर मिला. बीएस कॉलेज लोहरदगा में मारवाड़ी कॉलेज और योगदा कॉलेज के बीच मुकाबला खेला गया. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए योगदा कॉलेज ने 10 विकेट खोकर 140 रन बनाए. टीम की ओर से आशीष ने 52 रन की पारी खेली. वहीं मारवाड़ी कॉलेज के रोशन ने 3 विकेट झटके. लक्ष्य का पीछा करने उतरी मारवाड़ी कॉलेज की टीम ने 19.3 ओवर में 5 विकेट खोकर 141 रन बनाकर मुकाबले को जीत लिया. टीम की ओर से सर्वेश सिंह ने 50 रन की पारी खेली.

### तरुण संगम ने एक विकेट से जीता टूर्नामेंट

**रांची।** सात्विक मेमोरियल ए डिविजन क्रिकेट टूर्नामेंट ओटीसी ग्राउंड में अरगोड़ा सीए बनाम तरुण संगम के बीच खेला गया। अरगोड़ा सीए ने 29.2 ओवर में 10 विकेट पर 146 रन बनाया। अमन कुमार ने 38, अभिजीत ने 20 रन बनाया। अमन राज ने चार विकेट लेकर 14 रन बनाया। वहीं तरुण संगम टीम ने 28.5 ओवर में नौ विकेट पर 147 रन बनाया। आशीष ने 37 व हर्ष ने 25 रन बनाया। आर्यन ने तीन विकेट लेकर 25 रन दिया। वहीं आदर्श और अमन 2-2 विकेट लिया। तरुण संगम 1 विकेट से टूर्नामेंट जीता।

### यूथ सीसी ने 262 रन से जीत हासिल की





**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट गोलचक्कर ग्राउंड में साई ई बनाम यूथ सीसी के बीच खेल खेला गया। टूर्नामेंट के दौरान पहले बल्लेबाजी करते हुए यूथ सीसी ने 35 ओवर में सात विकेट पर 341 रन बनाया। गुलशन ने 122, आयुष ने 32, प्रतीक ने 53 व रवि ने 42 रन बनाया। चिराग ने बॉलिंग करते हुए सात ओवर में तीन विकेट लेकर 77 रन दिया। राजवीर ने सात ओवर में दो विकेट लेकर 53 रन दिया। साई ई की टीम ने 21.4 ओवर में 10 विकेट पर 79 रन बनाया। शिवाय सिन्हा ने 25 रन बनाया। वहीं रवि महतो ने बल्लेबाजी करते हुए 1.4 ओवर में चार विकेट लिया। गुलशन ने पांच ओवर में तीन विकेट लेकर 15 रन दिया। कृष ने चार ओवर में दो विकेट लेकर 17 रन दिया। यूथ सीसी की टीम ने 262 रन से टूर्नामेंट जीता।

### कैराली स्कूल ने 114 रन से जीत दर्ज की





**रांची।** वेंचर स्किल अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट साखा ग्राउंड में ओडीएम सफायर स्कूल बनाम कैराली स्कूल के बीच खेला गया। कैराली स्कूल ने 35 ओवर में आठ विकेट पर 270 रन बनाया। प्रखर ने 65 व आद्विक ने 48 रन बनाया। पृथ्वी ने चार विकेट लेकर 40 रन दिया। अरव ने दो विकेट लेकर 48 रन दिया। ओडीएम सफायर स्कूल ने 28.3 ओवर में 10 विकेट पर 156 रन बनाया। दक्ष ने 35 व सूरज ने 21 रन बनाया। हर्ष ने चार विकेट लेकर 33 रन बनाया। अतुल ने तीन विकेट लेकर 27 रन दिया। कैराली स्कूल ने 114 रन से जीत दर्ज की।

### मांगा को लेकर मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**खलारी।** झारखंड लैम्प्स/पैक्स कर्मचारी संघ ने लैम्प्स व पैक्स कर्मियों के लिए मासिक मानदेय की मांग की है। संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य की पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को इससे संबंधित एक ज्ञापन सौंपा है। इस संबंध में खलारी लैम्प्स के दिलीप पासवान ने बताया कि मंत्री को लैम्प्स व पैक्स कर्मियों की परेशानी से अवगत कराया गया। ज्ञापन के माध्यम से कर्मियों के लिए मानदेय, पीडीएस दुकान, ट्रैक्टर एवं कृषि यंत्र, 25 लाख रूपए की पूंजी तथा तीन से पांच एकड़ उपजाउ भूमि की मांग रखी गई है। पासवान ने बताया कि मंत्री के द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिया गया है।

---

# जेएसएलपीएस ने जागरूकता अभियान चलाया




**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
सिल्ली प्रखंड के पंचायतों के विभिन्न गांवों के स्कूलों में जेएसएलपीएस द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें संकुल संगठन सहित ग्राम संगठन व सखी मंडल की महिलाएं ग्रामीण व बच्चों और युवाओं को शामिल किया गया। यह अभियान 23 दिसंबर तक चलाया जाएगा। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष बीना चौधरी, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बडाईक, उप प्रमुख आरती देवी, सिल्ली राजा पुष्पनाथ सिंह देव, सुनील सिंह, रामस्वरूप मंडल, चांद हुसैन आदि जेंडर सीआरपी सहित, अन्य सभी कैडर व कर्मी उपस्थित रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा के पूर्व खूंटी में निकली भव्य कलश यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के जरिये आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के एक दिन पूर्व बुधवार को खूंटी में भव्य कलश यात्रा निकाली गईं, जिसमे खूंटी, तोरपा, कर्रा, तपकरा, गोविंदपुर से आई महिलाओं, बच्चों ने भाग लिया। तोरपा से आई दुर्गा वाहिनी के सदस्यों ने यात्रा में विशेष भागीदारी की। गायत्री परिवार की भी कलश यात्रा में विशेष भागीदारी रही। गाजे-बाजे और श्रीमद्भागवत महापुराण के जयकारे के साथ कलश यात्रा बूढा महादेव से शुरू होकर कर्रा रोड होते हुए दुर्गा मंदिर ऊपर चौक, नीचे चौक होते हुए कथा स्थल तक खूंटी क्लब पहुंची। यात्रा में कथावाचक स्वामी दिव्यानंद गिरि की विशेष उपस्थिति रही। कलश यात्रा में बैंगलुरू आश्रम और वृंदावन से आई पूरी टीम शामिल हुईं।यात्रा के आगे राम लखन जानकी, लक्ष्मी सरस्वती कालरात्रि काली और मां दुर्गा की झांकी निकाली गईं। पूरी यात्रा की विधि व्यवस्था आर्ट ऑफ लिविंग खूंटी की शिक्षिका कल्याणी शाहदेव और आशु शाहदेव के नेतृत्व में पूरी हुई। आयोजन का प्रारूप एवं विधि व्यवस्था में परिवार की प्रमुख सदस्य प्रमिला भगत, मोनिका धन, मीनाक्षी सिन्हा, पुष्पा तिवारी, जददू लाल, महेन्द्र भगत, नंद राय, राजेंद्र भगत, आशुतोष भगत प्रेम प्रकाश, मयंक आदि ने योगदान दिया।

## खूंटी में विशेष कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
नालसा नई दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेस कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को व्यवहार न्यायालय खूंटी के प्रांगण में 90 दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम के तहत विशेष कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने प्रभातफेरी में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह 90 दिवसीय कार्यक्रम खासकर दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को विधिक कानूनी जागरूकता पहुंचाना एवं निःशुल्क सहायता पहुंचना है। प्रभातफेरी में व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारी, सभी कर्मचारी और अधिवक्ता और डालसा के पीएलबी शामिल हुए। साथ ही डालसा द्वारा 10 नये चयनित पीएलबी का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया गया। जिन्हें एलएडीसी चीफ राजीव कमल और पैनल अधिवक्ता मदन मोहन राम ने प्रशिक्षण दिया। यह जानकारी डीएलएसए सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने दी।

# 1.61 करोड़ का 1079 किलोग्राम अवैध डोडा जब्त




**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर खूंटी थाना क्षेत्र के सिलादोन और चामड़ी गांव के बीच बुधवार को पुलिस ने अवैध डोडा से लदे दो पिकअप वैन को पकड़ लिया। पकड़े गए दोनों पिकअप वैन में कुल 78 बोरों में 1079 किलोग्राम डोडा लदा हुआ था, जिसे वाहन सहित जब्त कर खूंटी थाना लाया गया। जब्त किए गए डोडा का बाजार मूल्य एक करोड़ 61 लाख रुपये आंका गया है। बताया गया कि पुलिस कार्रवाई के दौरान दोनों वाहनों के चालक वाहन से कूद कर भागने में सफल रहे। इस संबंध में खूंटी थाने में मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी अभियान में खूंटी थाना प्रभारी मोहन कुमार सहित खूंटी थाना के अन्य पुलिस अधिकारी और जवान शामिल थे।

### चौकीदार नियुक्ति को लेकर खूंटी में दौड़ प्रक्रिया संपन्न

**खूंटी।** चौकीदार नियुक्ति प्रक्रिया के तहत बुधवार को बिरसा कॉलेज खूंटी के फुटबॉल स्टेडियम में दौड़ प्रक्रिया का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने स्वयं स्टेडियम पहुंचकर पूरी प्रक्रिया का जायजा लेते हुए दौड़ प्रक्रिया सम्पन्न कराया। यह प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ आयोजित की गई, जिसमें सभी निर्धारित निदेशों का सख्ती से पालन किया गया। दौड़ प्रक्रिया में 450 से अधिक उम्मीदवारों ने भाग लिया। आयोजन स्थल पर जिला प्रशासन के जरिये पर्याप्त सुरक्षा और सुविधा व्यवस्था सुनिश्चित की गई। दौड़ के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ख्याल रखा गया। मौके पर प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी एवं कोच के जरिये उत्तरदायित्व पूर्वक अपने कार्यों का निर्वहन कर दौड़ प्रक्रिया को सम्पन्न कराया गया।

## वन नेशन, वन इलेक्शन के जरिये स्थानीय नेतृत्व और मुद्दे को गौण करना चाहती है भाजपा : धीरज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि वन नेशन, वन इलेक्शन लाकर भारतीय जनता पार्टी स्थानीय नेतृत्व एवं मुद्दे को गौण करना चाहती है। अलग-अलग समय पर आम चुनाव, विधानसभा चुनाव, नगर निगम एवं पंचायती चुनाव होने से सभी पार्टियों को लगातार 5 वर्ष तक सजग होकर जनता की भावनाओं की कद्र करते हुए काम करना पड़ता है। अन्यथा इन छोटे चुनाव में जनता को दूसरी पार्टी अथवा अलग जनप्रतिनिधि को चुनने का मौका मिल जाता है। सारे चुनाव एक साथ हो जाने से अलग-अलग पदों के लिए जनप्रतिनिधि चुनने में जनता को झंझावात महसूस होगा। छोटे स्तर के चुनाव में स्वतंत्र चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के लिए भी इस हाईटेक प्रचार-प्रसार के जमाने में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। जेएमएम नेता ने कहा, यहां तक कि जनप्रतिनिधि भी चुनाव जीतने के लिए काम की बजाय अपने दल के भरोसे सीमित हो जाएंगे। जिस पार्टी का नेतृत्व और चुनाव कैंपेनिंग बेहतर होगा उसके अक्षम प्रत्याशी की लौटरी लग जाएगी। एक साथ चुनाव होने से बड़े मुद्दे हावी रहेंगे जबकि पंचायत स्तर के छोटे मुद्दे या तो दब जाएंगे या पूरी तरह से गौण हो जाएंगे। वर्तमान में कई राज्यों में आम चुनाव में राज्यवासी किसी अन्य दल को बहुमत देते हैं तथा विधानसभा चुनाव में किसी दूसरे दल को बहुमत देकर सरकार बनाने का जनादेश देते हैं। एक साथ चुनाव होने में जनता का यह निर्णय भी प्रभावित होगा। मतदाता सूची भी 5 वर्ष में एक बार प्रकाशित होगी जिसकी खामियों को सुधारने के लिए जनता को अगले चुनाव तक इंतजार करना पड़ेगा। चुनाव के ठीक बाद 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले मतदाता को भी अगले 5 साल तक मतदान करने के लिए चुनाव का इंतजार करना पड़ेगा, अन्यथा अलग-अलग समय पर चुनाव होने से उन्हें मतदान करने के लिए मौका प्राप्त हो जाता है।

---

## न्यूज | बॉक्स

### संदेहास्पद स्थिति में अधेड़ की मौत पुलिस मामले को लेकर छानबीन में जुटी



**सिल्ली।** मुरी ओपी अंतर्गत छत्तीसगढ़ निवासी अनिल कुमार तिर्की, उम्र लगभग 49 की मृत्यु गायत्री कॉलोनी छोटा मुरी के एक कमरे में हो गई। जानकारी के अनुसार अनिल कुमार तिर्की छत्तीसगढ़ के रहने वाले थे। वर्तमान में वे आना-जाना गायत्री कॉलोनी स्थित अपने रूम से करते थे। वह डेवलपमेंट फॉक्स संस्थान में कार्यरत थे। रोजाना के भांति अपने काम कर शाम में अपने कमरे में वापस आ गए थे। दूसरी ओर बुधवार के दिन काफी देर तक उनका कमरा बंद दिखा। तत्पश्चात मकान मालिक धीरज कुमार ने मुरी पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर मौजूद मुरी ओपी के सहायक अवर निरीक्षक आशीष रंजन ने उनके दरवाजा को खटखटाया परंतु नहीं खुलने पर दरवाजा को तोड़ा गया। दरवाजे के अंदर प्रवेश करने पर देखा गया कि उक्त व्यक्ति अनिल कुमार तिर्की अपने बिस्तर से जमीन पर पड़े हुए थे, तत्काल एंबुलेंस को इसकी सूचना दी गई। एम्बुलेंस के पहुंचते ही सिंगपुर नर्सिंग होम ले जाया गया जहां डॉक्टर रमणेश प्रसाद ने उनको मृत घोषित कर दिया। मृतक की छानबीन मुरी ओपी के द्वारा किया जा रहा है।

### छात्र तकनीकी शिक्षा की ओर अपना ध्यान रखें : सीओ



**ठाकुरगांव ।** अल्पसंख्यक अधिकार दिवस बुधवार को मिलत नगर चकमें मदरसा बुढ़मू में आयोजित किया गया। उक्त आयोजन प्रखंड अंजुमन एंड वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा संचालित किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता सदर शमीम बड़ेहार एवं संचालन तस्लीम अंसारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी धीरज कुमार एवं अंचलाधिकारी सच्चिदानंद कुमार वर्मा को बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मदरसा के छात्रों ने उर्दू, अरबी और अंग्रेजी में अपनी तालीम का परिचय दिया। इस दौरान अंचलाधिकारी श्री वर्मा ने कहा छात्र अपने तालिम में तकनीकी शिक्षा की ओर अपना ध्यान रखें। समाजिक हित में सहयोगात्मक कार्य में भाग लेकर समाजिक उत्थान में बढ़-चढ़ कर भाग लें। अल्पसंख्यक अधिकार दिवस को सार्थक करें। मौके पर शाब्बीर मौलाना हाफिज, अजीज हाफिज इरसाद, मोहित खान, नईम अंसारी, सजीबूल अंसारी, रहमान अंसारी, कुदूस अंसारी, सरवर अंसारी, हफिज राजा, मंजूर अंसारी, वारिस अंसारी, असजद रजा, अंसारुल अंसारी, नसीम अंसारी, जाहरुदिन अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### पेस सीए की टीम ने 59 रन से टूर्नामेंट जीता



**रांची।** सरला देवी बिड़ला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट नेहरू ग्राउंड में साई धुर्वा सी बनाम पेस सीए के बीच खेला गया। पेस सीए ने 30 ओवर में छह विकेट पर 179 रन बनाया। पुरुस ने 51, शुभ आर्य ने 30, आर्यमन ने 19 व नमन ने 18 रन बनाया। आद्विक ने 13 रन देकर 3 विकेट लिया। वहीं आरित, हिमांशु और शिवम ने एक-एक विकेट लिया। साई धुर्वा सी की टीम ने 28.1 ओवर में 10 विकेट पर 120 रन बनाया। कार्तिक ने 18, हैप्पी ने 17 व माधव ने 17 रन बनाया। आयुष्मान ने 3 विकेट लेकर 30 रन दिया। अथर्व ने 3 विकेट लेकर 21 रन दिया। पुरुस ने 2 विकेट लेकर 25 रन दिया व अजितेश ने 1 विकेट लेकर 15 रन दिया। पेस सीए की टीम ने 59 रन से टूर्नामेंट जीता।

### प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन

**रांची।** शोतोकान कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया ने बुधवार को डोरंडा कॉलेज कराटे सेंटर में प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया। इस सेंटर के 76 कराटेकारों ने शोकफ द्वारा आयोजित बेल्ट ग्रेडेशन में उत्तीर्ण घोषित किए गए थे। उपस्थित कराटेकारों को शोकफ के टेक्निकल डायरेक्टर शिहान रंजीत मेहता ने प्रमाण पत्र प्रदान किया। मौके पर कराटे प्रशिक्षक परमानन्द गुप्ता, कुलदीप साहू, सोनू सुरीन, रश्मि कच्छप, पूजा तिर्की, सुमन एक्का उपस्थित थी। शोकफ से मुख्य कराटे प्रशिक्षण हंसी मानस सिन्हा द्वारा सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

---

दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

## सुदूर क्षेत्र में ज्ञान का अलख जगा रही है एकेडमी : बहुरा

*प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों ने पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया*



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
सरना एकेडमी कुसुम टोला, पुरनाडीह का 9वां वार्षिक दो दिवसीय खेल दिवस समारोह का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन अतिथि विस्थापित नेता बहुरा मुंडा, मुखिया प्रतिनिधि गणेश भुइंया, ग्राम सभा अध्यक्ष झुबा उरांव, सामाजिक कार्यकर्ता रामकुमार उरांव, विस्थापित नेता बालेश्वर उरांव, ग्रामसभा सचिव सुशील टोप्पो एवं सामाजिक कार्यकर्ता अजय उरांव ने फीता काटकर व मशाल जलाकर किया। इससे पहले मांदर, नगाड़ा एवं पारंपरिक गीतों के साथ अतिथियों को स्वागत किया गया। सभी अतिथियों को बुके व गमछा देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन सीनियर एवं जूनियर ग्रुप के बच्चों ने 200 मीटर एवं जूनियर ग्रुप के बच्चों ने 200 मीटर दौड़ में भाग लिया। सब-जूनियर ग्रुप के विद्यार्थियों ने बाल इन द बास्केट व 50 मीटर दौड़ में भाग लिया। सीनियर ग्रुप की छात्राएं चम्मच व कंचा दौड़ प्रतियोगिता में शामिल हुई। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों ने पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि विस्थापित नेता बहुरा मुंडा ने विद्यालय के निदेशक महेंद्र उरांव को धन्यवाद देते हुए कहा कि पुरनाडीह कोलियरी से 10 किलोमीटर दूर कुसुमटोला जैसे सुदूर क्षेत्र में सुविधा से संपन्न यह विद्यालय ज्ञान का अलख जगा रहा है तथा ग्रामीण बच्चों का भविष्य उज्जवल बना रहा है। सरना एकेडमी में बच्चों को सांस्कृतिक शिक्षा के साथ फरार्टेदार अंग्रेजी बोलना भी सिखाया जा रहा है। इस अवसर पर निदेशक महेन्द्र उरांव, प्रधानाचार्य गोपाल सिंह, उप प्रधानाचार्य ओमप्रकाश गुप्ता, रोहित साव, पवन कुमार, बलबीर यादव, बिलेंद्र उरांव, जेठू गंझू, रोस्ती मिंज, खुशी झा, अनुशिखा लकड़ा, नीलू कुमारी, संगीता मिंज, सुनीता कुमारी, दिव्या मुंडा, शगुफ्ता परवीन, रिया सिन्हा, गुनगुन कुमारी, प्रिया रुंडा, क्रांति हांसदा सहित विद्यालय के सभी बच्चे उपस्थित थे।

## एक नजर

### स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो के बताए मार्ग पर चलने की जरूरत : डॉ सुनील कश्यप

**रामगढ़।** आज राज्य में झारखंड आंदोलन के भीष्म पितामह स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि मनाई जा रही है। इस मौके पर हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। यह बात अखिल भारतीय कुरमी / कुडमी महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ सुनील कुमार कश्यप ने बुधवार को विनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि के मौके पर कही। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलन के पुरोधा विनोद बिहारी महतो ने सपना देखा था झारखंड अलग हो और इसका सर्वांगीण विकास हो। इसके लिए उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में कई विद्यालय. महाविद्यालय, और विश्वविद्यालय की स्थापना झारखंड के धनबाद, बोकारो, गिरिडीह आदि स्थानों में किया। साथ ही शिक्षण संस्थाओं की मदद भी की। इसलिए उन्हें दानवीर विनोद बिहारी महतो भी कहा जाता है।

### सुयश सागर जी महाराज का मंगल आशीर्वाद जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष को प्राप्त हुआ

**रामगढ़।** पूज्य मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज का मंगल आशीर्वाद जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष मानिक चंद जैन को प्राप्त हुआ। मुनि श्री सुयश सागर जी महाराज एवम ससंघ के दर्शन कर श्रीफल समर्पित किया। पूज्य मुनि श्री ने कहा कि जीवन का वास्तविक उद्देश्य आत्मा की शुद्धि और धर्म के मार्ग पर चलना है। आप अपने अच्छे कर्म करते रहे निश्चित आपका जीवन उज्ज्वलित एवं सकारात्मक होगा। कहा कि मनुष्य को अपने कर्मों पर ध्यान देना चाहिए और सदा अहिंसा, सत्य और त्याग के पथ पर चलना चाहिए। वहीं, श्री दिगंबर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष मानिक चंद जैन ने कहा पूज्य मुनि श्री का आगमन पूरे रामगढ़ के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। उनकी प्रेरणादायी शिक्षाएं आने वाले समय में लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित करेंगी।

### पीवीयूएनएल टाउनशिप में फील्ड हॉस्टल का उद्घाटन

**रामगढ़।** रामगढ़ के पीवीयूएनएल टाउनशिप में नए फील्ड हॉस्टल की स्थापना की गई है. फील्ड हॉस्टल का उद्घाटन पीवीयूएनएल के सीईओ आरके सिंह व स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्ष रीता सिंह ने संयुक्त रूप से किया. फील्ड हॉस्टल में कर्मचारियों के रहने के लिए कमरे, कैंटीन व कॉमन हॉल की व्यवस्था है. यह सुविधा कंपनी के कर्मचारियों व अतिथियों के लिए है. उद्घाटन समारोह में जीएम (ओएंडएम) देवदीप बोस, जीएम (मेंटेनेंस) मनीष क्षेत्रपाल व मानव संसाधन विभाग के प्रमुख जियाउर रहमान विशेष रूप से उपस्थित थे. सभी अधिकारियों ने इस नई सुविधा के महत्व को रेखांकित किया और कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं देने की कंपनी की प्रतिबद्धता दुहराई.

---

सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे युवाओं पर पुलिस की लाठी चार्ज

# प्रदर्शन में घायल देवेंद्रनाथ महतो से मिली जेएलकेएम रामगढ़ की टीम



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर आंदोलन करने वाले जेएलकेएम के केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष व छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो समेत दो अन्य छात्र मधु रजक, मनोज कुमार महतो को कोतवाली थाना रांची से मंगलवार को रिहा कर दिया गया। छात्रों का आरोप था कि जेएसएससी परीक्षा में काफी गड़बड़ी हुई है। तीनों को नामकुम रांची स्थित सदाबहार चौक के समीप से सोमवार को हिरासत में लिया गया था। जेएसएससी कार्यालय के समीप जेएलकेएम तथा अन्य छात्र संगठन सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान सोमवार को लाठी चार्ज के बाद इन लोगों को हिरासत में लिया था। लाठी चार्ज में देवेंद्रनाथ महतो घायल हो गए थे । वे 27 घंटे तक पुलिस की हिरासत में रहे। उनके रिहा होने के बाद लोगों में हर्ष का मौहल है। देवेंद्रनाथ महतो से मिलने रामगढ़ जिला के मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, सक्रिय सदस्य राजू बेदिया, प्रमोद कुमार बेदिया, सुनील यादव, भुणेश्वर बेदिया के अलावा दर्जनों लोग पहुंचे और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो ने छात्रों पर लाठी चार्ज के बाद गिरफ्तार जेएलकेएम व छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो को प्रशासन के द्वारा नहीं छोड़ने पर जेल भरो आंदोलन का ऐलान कर चुके थे। पार्टी के सक्रिय सदस्य राजू बेदिया ने देवेंद्रनाथ महतो को अंगवस्त्र देकर उनका हौंसला बढ़ाया। जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा प्रकाशन के पूरे प्रक्रिया पर हाईकोर्ट ने अगले आदेश तक रोक लगाया है और झारखंड प्रतियोगी परीक्षा अधिनियम -2023 के तहत पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने एवं मामले का अनुसंधान कर रिपोर्ट करने का आदेश दिया है।

---

भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर बैठक संपन्न

# बूथ स्तर पर 250 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड के बीजेपी मंडल बरकट्ठा व मंडल बेड़ोकला में बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता क्रमशः परमेश्वर साव व भोला प्रसाद के द्वारा किया गया। संचालन बेड़ोकला मंडल महामंत्री इन्द्रदेव यादव के द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, प्रदेश सदस्यता प्रभारी प्रमोद यादव, जिला उपाध्यक्ष सुनील साहू, टुकलाल नायक उपस्थित हुए। वहीं विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि भाजपा एक अनुशासित पार्टी है। भाजपा के द्वारा बूथ स्तर पर 250 सदस्यों को बनाने का लक्ष्य है। जिसे सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जाना है। आप सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह है कि इस कार्य में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। मौके पर छोटीलाल यादव, रीतलाल प्रसाद, छोटेलाल मेहता, अनिल कुमार आजाद, रीतलाल चौधरी, कृष्णदेव प्रसाद, इन्द्रदेव यादव, सरयू प्रसाद, जागेश्वर प्रसाद, अजय यादव, पूर्व मुखिया अशोक रविदास, टिंकू कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

---

## न्यूज | बॉक्स

### विद्यालय प्रबंधन समिति पुनर्गठन को लेकर बैठक आयोजित



**बरकट्ठा।** प्रखंड के बुनियादी विद्यालय बेलकपी में मुखिया ललिता देवी की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) पुनर्गठन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बच्चों के माता-पिता भाग लिए। इसमें 12 सदस्यों का चयन किया गया।चयनित 12 सदस्यों के बीच से अजित कुमार अध्यक्ष,प्रियंका देवी उपाध्यक्ष एवं पूनम देवी को संयोजिका पद पर निर्विरोध चयन किया गया। पर्यवेक्षक सदन कुमार साव द्वारा नवगठित प्रबंधन समिति सदस्यों को उनके कार्य एवं दायित्व से अवगत कराया गया।इस अवसर पर मुखिया ललिता देवी ने कहा कि विद्यालय में एसएमसी की बैठक नियमित रूप से होना चाहिए। विद्यालय के विकास व कार्ययोजना निर्माण में एसएमसी की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी सह समाजसेवी धीरेंद्र पांडेय, पूर्व उपमुखिया सुरेश पांडेय, समाजसेवी बबलू पांडेय, संतोष राम, राजेश सिंह, सोहन राम, गुड़िया कुमारी, मुन्नी देवी, इंद्राणी देवी, मीणा देवी, प्रभारी प्रधानाध्यापक आलोक कुमार तिवारी समेत दर्जनो ग्रामीण उपस्थित थे।

### कमरे में रखे पुआल में लगी आग, आठ बकरियों की झुलसकर हुई मौत



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के परबता निवासी अरुण यादव, पिता किशुन यादव के घर में रखे पुआल में बीते रात लगभग बारह बजे अचानक आग लग गई। आग लगने से आठ बकरियों का झुलसकर मौत हो गई। पीड़ित अरुण यादव के मुताबिक एक कमरे में पुआल रखा हुआ था वहीं बगल में आठ बकरियां बंधी हुई थी ।मंगलवार रात्रि बारह बजे के लगभग कमरे से धुआं निकलने लगा और पूरे घर में जलने की दुर्गंध आने लगी। वहीं देखा तो पुआल में आग लग चुकी थी। नजदीक ही बरकट्ठा थाना को सूचित करने पर पुलिस बल मौके पर पहुंची और आग बुझाने का भरसक प्रयास किया। लेकिन तबतक घर में रखे पुआल जलकर राख हो चुकी थी। साथ ही आठ बकरियों की मौत हो गई। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।इधर किशुन यादव का कहना है कि मानमाल दोनों का नुकसान हुआ है। आठ बकरियों के जलने से हमें भारी नुकसान हुआ है। इससे हमारा अच्छी तरह से भरणपोषण का भी साधन था।

### शिक्षा विभाग के प्रशिक्षुओं ने गड़के गांव का शैक्षणिक सर्वे किया



**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग ने 18 दिसंबर को गड़के गांव का शैक्षणिक सर्वे किया। जिसमें एमएड ,बीएड सत्र 2023- 25 एवं 2024- 26 के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। इस सर्वे का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में गांव की संपूर्ण प्रगति का संग्रह ,संकलन और प्रचार-प्रसार करना है। प्रशिक्षुओं ने गांव का भ्रमण किया एवं सर्वे के लिए तैयार अनुसूची के माध्यम से सामाजिक , आर्थिक एवं शैक्षिक से संबंधित आंकड़े एकत्रित किया गया, यह अकड़ा प्रशिक्षुओं के साथ-साथ ग्रामीणों को मिल का पत्थर साबित होगा। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने झारखंड राज्य के रामगढ़ जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जहां वर्तमान में रूढ़िवादिता, अराजकता, अंधविश्वास सहित न जाने कितने ऐसे व्यापक क्षेत्र है जहां अभी भी शिक्षा का अलख जगाना एक बहुत बड़ी चुनौती है। ऐसे में शिक्षा विभाग द्वारा किया गया यह सार्थक प्रयास सराहनीय है। शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो (डॉ) अंजू तिवारी ने कहा की यह शैक्षणिक सर्वे हमारे पाठ्यक्रम का एक हिस्सा इस सर्वे के दौरान प्रशिक्षुओं को सामुदायिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा और छात्रों में सहयोग की भावना जागृत होगी।

---

विद्यालय की चहारदीवारी निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप

## ग्रामीणों ने एसडीओ को सौंपा आवेदन



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरिला के चहारदीवारी निर्माण कार्य में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने एसडीओ को आवेदन सौंपा है. ग्रामीणों ने संवेदक पर चहारदीवारी निर्माण में घटिया सामग्री के प्रयोग के साथ कुछ रैयतो के जमीन पर चारदीवारी बनाने का आरोप लगाया है. यह भी बताया गया है कि निर्माण कार्य की गुणवता बिलकुल ही निम्नस्तर का है. जो निर्माण के साथ गिरने भी लगा है. इस संबंध में ग्रामीणों ने एसडीओ से उचित जांच करते हुए गुणवता पूर्ण कार्य करवाने की मांग किया है. जानकारी के अनुसार उमवि हरिला में चहारदीवारी, शौचालय और डाइनिंग हॉल का निर्माण किया जाना है. यह कार्य जिला परिषद मद से किया जा रहा है. मामले के संबंध में जिप अभियंता से बात करने का प्रयास किया गया परंतु संपर्क नही होने के कारण उनका पक्ष नही लिया जा सका. एसडीओ को दिए आवेदन में बद्री यादव, जितेंद्र यादव, बासुदेव चौधरी, सुरेंद्र यादव, विवेक कुमार, कुलदीप कुमार आदि सहित दर्जनों लोगो के हस्ताक्षर हैं.

---

डीसी व एसपी ने किया जिला स्तरीय जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन

# डीसी-एसपी ने तत्काल समस्या का समाधान किया



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार नेतृत्व में नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण के लिए झारखण्ड पुलिस की अनूठी पहल 'जन शिकायत समाधान कार्यक्रम' का आयोजन शहर के सिद्धू कान्हू मैदान में हुआ। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के दौरान कुल 106 शिकायतकर्ताओं ने उपस्थित होकर अपनी शिकायतों / समस्याओं को पुलिस के समक्ष साझा किया। समस्याओं के समाधान हेतु पुलिस पदाधिकारियों द्वारा त्वरित कार्रवाई किया गया, जिसमें कार्यक्रम के दौरान ही कुल 10 मामलों का निपटारा किया गया। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत जिला मैदान में व्यवहार न्यायालय रामगढ़ (डीएलएसए), सहायता केंद्र रामगढ़ जन शिकायत समाधान कोषांग रामगढ़, रामगढ़ थाना, रामगढ़ महिला थाना, वेस्ट बोकारो ओपी, रजरप्पा थाना, गोला थाना, मांडू थाना, कुजू ओपी, बरलंगा थाना, पतरातू थाना, बासल थाना, भदानीनगर ओपी और भुरकुंडा ओपी द्वारा स्टाल लगाकर लोगों की शिकायतें ली गईं। कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक (मु०)रामगढ़, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ / पतरातू परीक्षमान पुलिस उपाधीक्षक, परिचारी प्रवर पुलिस केन्द्र, रामगढ, पुलिस निरीक्षक माण्डू/ गोला/ मेडिकल टीम एवं अन्य संबंधित पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहें।

---

कॉलेज के छात्रों को कराया गया वार्षिक शैक्षणिक भ्रमण

# डेंटल कॉलेज ने पुरी और पतरातू में कराया भ्रमण व एडवेंचर स्पोर्टस का उठाया आनंद



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल के द्वारा अध्ययनरत बीडीएस के प्रथम वर्ष के छात्रों ने पतरातु स्पॉट एवं अंतिम वर्ष के छात्रों ने पूरी स्पॉट का वार्षिक शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जहां बीडीएस के प्रथम वर्ष के छात्रों ने पतरातू डैम की प्राकृतिक छटा, लेक रिसोर्ट की सुंदरता देखने के साथ साथ जल संपदा, ताप विद्युत केंद्र और पर्यावरण के बारे में जानकारी प्राप्त किया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्र- छात्राओं ने पठन पाठन के ज्ञान में वृद्धि के अलावे जीवन में बाहरी दूनिया की जानकारी के साथ एडवेंचर स्पोर्टस का भी आनंद उठाया। वहीं बीडीएस के अंतिम वर्ष के छात्रों ने पूरी में विश्व प्रसिद्ध श्रीजगन्नाथ मंदिर में हिंदू धर्म के चार धामों का अनुसरण किया। पुरी में सबसे लंबा गोल्डन बीच सहित कई प्रमुख स्थानों का भ्रमण किया एवं आनंद उठाया। छात्रों का पठन पाठन के ज्ञान में वृद्धि हुआ। प्रोफेसर डॉ. राजन कुमार, डॉ. पारुल प्रिया, डॉ. रघु रंजन और डॉ. स्वाति के नेतृत्व में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। मौके हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण से छात्रों के जीवन में नए अनुभव सीखने के लिए महत्वपूर्ण है इससे उन्हें कई चीजों के बारे में सीखने में मदद मिलती है। पठन- पाठन के साथ शैक्षणिक भ्रमण से ज्ञान में वृद्धि होता है। सामाजिक और भावनात्मक विकास को बढ़ावा मिलता और छात्रों को वास्तविक जीवन की स्थितियों से परिचित में शैक्षणिक भ्रमण काफी मददगार साबित होता है। यह हर वर्ष छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण करवाया जाता है।

---

प्लस टू उच्च विद्यालय में डांस प्रतियोगिता का आयोजन

## शानदार प्रस्तुति से बच्चों ने लोगों का मनमोहा




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र के गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक +2 उच्च विद्यालय में आयोजित डांस प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने भारतीय संगीत, लोक नृत्य और अन्य नृत्यों पर शानदार प्रस्तुति दी। इस निमित कक्षा नर्सरी,एलकेजी व यूकेजी के बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया और अपनी नृत्य कला से सभी का मन मोह लिया। इस दौरान सैकड़ों अभिभावक भी मौजूद रहे। जिन्होंने बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए खुब तालियां बजाई। प्रतियोगिता में कक्षावार ग्रुप में बच्चों ने बेहतर नृत्य का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर डॉक्टर आई पी भारती ने कहा कि नृत्य बच्चों के शारीरिक विकास में मदद करता है और उन्हें लचीला और मजबूत बनाता है।यह अवसर विद्यार्थियों में आत्मविश्वास विकसित करने के लिए प्रदान किया गया है। उन्होंने माता-पिता को भी उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और बच्चों को हमेशा प्रोत्साहित करने की बात कही। वहीं विद्यालय प्राचार्या स्वाति रंजन ने बताया कि नृत्य से बच्चों का मानसिक विकास भी होता है, जिससे उनकी रचनात्मकता, एकाग्रता और समस्या-समाधान की क्षमता बेहतर होती है। कार्यक्रम में नर्सरी के बच्चों ने तीसरा स्थान प्राप्त किया,यूकेजी ने दूसरा तथा एलकेजी के विद्यार्थी प्रतियोगिता के विजेता रहे।कार्यक्रम में उपस्थित सभी अभिभावकों ने विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए स्कूल द्वारा की गई पहल की भूरी भूरी प्रशंसा की।

---

ऑन द स्पॉट त्रुटि सुधार नहीं होने से लाभुक मायूस, लोगों की उमड़ी भीड़

# मंईयां सम्मान योजना शिविर के तहत कोनरा में 10 नए आवेदन पंजीकृत

### 120 लाभुकों के दस्तावेजों की हुई जांच



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

मंईयां सम्मान योजना को लेकर प्रखंड में दो दिवसीय विशेष शिविर का बुधवार से शुभारंभ हुआ. पहले दिन कोनरा, बरही पूर्वी, बरही पश्चिमी, रसोईया धमना, केदारुत, दुलमहा, धनवार, बरसोत, विजैया और कोल्हुआकला पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया. मुखिया यास्मीन तबस्सुम की उपस्थिति में कोनरा पंचायत भवन में आयोजित शिविर में दस नए लाभुकों को इस योजना के लिए पंजीकृत किया गया. वहीं 120 लाभुको का पंचायत स्तर तक के लॉगिन से दस्तावेजों का जांच कर प्रखंड कार्यालय के लिए जमा लिया गया. जांच का कार्य पंचायत सचिव ललिता कुमारी ने किया जबकि नए लाभुकों का पंजीकरण प्रज्ञा केंद्र संचालक जयदीप कुमार सिन्हा के द्वारा किया गया. इस कार्य में वार्ड सदस्य बिरेंद्र कुमार ने महत्ती जिम्मेवारी निभाई. शिविर में पंचायत समिति सदस्या असगरी खातून, मो यूसुफ सहित मो सगीर आदि कई लोग मौजूद थे.

**मायूस हुए लाभुक :** शिविर में ऑन द स्पॉट सुधार नहीं होने के कारण लाभुक मायूस दिखे. बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी ने बताया कि प्रज्ञा केंद्र संचालक के पास एडिट का कोई ऑप्शन नहीं रहने से लाभुको का ऑन द स्पॉट सुधार नहीं हो सका, सभी लाभुक पूरे दिन परेशान रहे. वहीं केदारूरत पंचायत सचिव खड़गधारी महतो ने बताया कि 19 नए लाभुकों का आवेदन लिया गया है. शुद्धिकरण की सुविधा नहीं होने के कारण पंचायत स्तर तक सभी दस्तावेजों की जांच कर प्रखंड तक उत्प्रेषित किए गए है. समाजसेवी विशेश्वर यादव ने बताया कि शिविर में लाभुकों की भीड़ उमड़ पड़ी थी. साइट समस्या और शुद्धिकरण की सुविधा नहीं रहने के कारण लाभुक से सिर्फ दस्तावेज जमा लिए गए. जिसे प्रखंड कार्यालय को शुद्धिकरण के लिए सुपुर्द किया जायेंगे. गुरुवार को भीं प्रखंड के शेष दस पंचायतों में शिविर लगाए जायेंगे.

---

## शीत ऋतु में महत्वपूर्ण खाद्य पदार्थ पर संगोष्ठी



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** ज्ञान ज्योति कॉलेज, हजारीबाग में शीत ऋतु में उपभोग किए जाने वाले महत्वपूर्ण खाद्य पदार्थो पर संगोष्ठी आयोजित किया गया, जिसमें 11वीं के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया इस कार्यक्रम का आयोजन भूगोल विभागाध्यक्ष दीपेंद्र कुमार के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय प्राचार्य शंभू कुमार महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक रंजन कुमार, भूगोल विभाग के पूर्व विभाग अध्यक्ष रियाज अहमद साथ ही साथ विभिन्न विभाग के शिक्षक उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य शंभू कुमार ने कहा कि बदलते मौसम के साथ खानपान में भी परिवर्तन करना अति आवश्यक है जिससे इस कड़कड़ाती ठंड में शरीर को गर्म रखा जा सके, एवं सर्दियों में होने वाले विभिन्न बीमारियों से शरीर को सुरक्षा प्रदान किया जा सकता है साथ ही साथ प्राचार्य ने बच्चों को कहा कि यह सेमिनार सिर्फ वातार्लाप तक सीमित ना रहे इसे आप लोग अपने जीवन में उतारिएगा तभी इस शरद ऋतु में आप स्वस्थ रह पाएंगे। इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें कोमल कुमारी और अंशु कुमारी प्रथम स्थान पर रहे। प्रगति सिंह, संजना रानी द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि सुजल दास और खुशनुद राजा तृतीय स्थान पर रहे' इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विभिन्न विभागीय शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

---

हजारीबाग यूथ विंग ने समाजसेवा की मिसाल पेश की

# बढ़ती ठंढ में चौक-चौराहों पर अलाव की व्यापक व्यवस्था की

*कमजोर वर्गों को राहत पहुंचाना है, हर साल ठंढ में उनके लिए अलाव की व्यवस्था करना लक्ष्य है*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** यूथ विंग ने कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों की मदद के लिए समाजसेवा की अद्भुत मिसाल पेश की है। संस्था ने शहर के चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था कर ठंड से राहत देने का सराहनीय कार्य किया है। यह पहल सर्दियों के दौरान हर साल कमजोर वर्गों को मदद पहुंचाने के उद्देश्य से की जाती है। संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि हमारी संस्था का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को राहत पहुंचाना है। सर्दी के मौसम में गरीब और बेघर लोगों को सबसे ज्यादा तकलीफ का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अलाव जलाना हमारी जिम्मेदारी है। यह न केवल उनका सहारा बनता है, बल्कि समाज के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है। हजारीबाग यूथ विंग के सदस्यों ने सर्दी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए शहर के चौक-चौराहों का दौरा किया और उन स्थानों को चिन्हित किया, जहां अलाव की सबसे अधिक आवश्यकता थी। इस सर्दी में यह अलाव जरूरतमंदों के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं। संस्था ने घोषणा की है कि वह आने वाले दिनों में भी इस अभियान को जारी रखेगी। अन्य इलाकों में अलाव की व्यवस्था के साथ-साथ जरूरतमंदों को कंबल भी बांटे जा रहे है। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार, सहसचिव डॉक्टर बी वेंकटेश, उपाध्यक्ष विकास केसरी कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य विकाश तिवारी, शम्पा बाला, गुंजन मद्धेशिया, कुल्तार सिंह, सनी सिंह सलूजा, अख्तर हुसैन, मो. नौशाद अंसारी, संतोष चौधरी, सिद्धार्थ कुमार उर्फ सिद्धू,सूरज वर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

### डीसी ने केरसई प्रखंड क्षेत्र का किया दौरा योजनाओं का किया निरीक्षण

# प्रखंड कार्यालय में बैठक कर अधिकारियों को योजनाओं में तेजी लाने के दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने बुधवार को प्रखंड कार्यालय केरसई का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं सभी प्रखंड कर्मीयों संग बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उन्होंने प्रखंड में पंचायत अंतर्गत संचालित अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कुप संवर्धन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना सहित अन्य योजनाओं की कार्य प्रगति विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने पंचायत सचिव को टायड़ एवं अनटाइड मद में योजनाओं का चयन कर शत प्रतिशत राशि का खर्च करने का निर्देश दिया। उन्होंने मुखिया एवं ग्रामीण आम जनता से बैठक कर योजनाओं का चयन करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि प्रखंड में संचालित 411 योजना में जियो टैग नहीं हुआ है जिसके कारण द्वितीय किश्त राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने लंबित सभी योजनाओं का ससमय जियो टैग करने हेतु रोजगार सेवक निर्देशित किया। उपायुक्त ने पंचायतवार बागवानी घेराबंदी योजना की समीक्षा किया इस दौरान उन्होंने लंबित बागवानी घेराबंदी कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। अबुआ आवास योजना की समीक्षा कर उन्होंने कहा कि यह सरकार की बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है जो योग्य लाभुक उसका चयन कर प्रथम क़िस्त की राशि का भुगतान किया गया। जिसका प्रतिदिन मॉनिटरिंग करते हुए लाभुकों से निर्माण कार्य को शुरू करायें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की भी समीक्षा कर पुराने लंबित निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। एवं जिस लाभुक द्वारा आवास की राशि को खर्च कर घर नहीं बनाया गया वैसे लाभुक पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कहीं। इसके अलावा उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी से करीलकुचा में निवास करने वाले बिरहोर समुदाय के लोगों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मेरे भ्रमण के दौरान समुदाय के लोगों द्वारा साव दफ़न करने के लिए भूमि का मांग किया गया था। जिस पर अंचलाधिकारी ने बताया कि समुदाय के लोगों को भूमि का चयन कर उपलब्ध कराया गया। अभी वे लोग वहीं शव दफ़न करते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि बिरहोर समुदाय के लोगों को रहने हेतु भी सरकारी भूमि का भी चयन करके दिया गया है। उपायुक्त महोदय ने कहा कि जो परिवार आवास से वंचित हैं या टूटा फूटा मकान है तो इसकी मैपिंग कर यह जांच कर पीएम जनमन योजना से आच्छादित करें। इसके अलावा उपायुक्त ने केरसई मार्केट में जर्जर शेड को हटाते हुए मनरेगा से नया शेड निर्माण कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने किनकेल पंचायत में बागवानी योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुखिया से 2.5 एकड़ भूमि पर लगे बागवानी योजना में एक बागवानी सखी रखने का निर्देश दिया। बागवानी सखी के द्वारा बागवानी रख रखाव सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्ञानमणी एक्का, किनकेल मुखिया बसन्ती लकड़ा, पंचायत सचिव रीना दास मौजूद रहे।

## मोटरसाइकिल सवार की सड़क हादसे में हुई मौत

**बांसजोर।** बांसजोर ओपी क्षेत्र अंतर्गत बांसजोर चौक में मंगलवार की देर शाम स्कूटी सवार युवक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी इलाज के क्रम में मौत हो गई। मृतक की पहचान बरडेगा का गांव निवासी दर्शन पन्ना के रूप में हुई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दर्शन पाना दो दिन पूर्व चेन्नई से कम कर अपने घर त्यौहार के समय लौटा था और किसी काम को लेकर वह उड़ीसा बीरमित्रपुर स्कूटी से जा रहा था, इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन के द्वारा उसे टक्कर मारते हुए फरार हो गई। जिसके बाद दर्शन गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया ,इधर तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए बीरमित्रपुर अस्पताल ले जाने लगे जहां पर अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी बांसजोर पुलिस को हुई, जिसके बाद मृतक के शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया। मृतक युवक केशव का पोस्टमार्टम करवाते हुए शॉप परिजनों को सौंप दिया गया इधर घटना के बाद घर वालों का रो रो कर बुरा हाल था।

# स्कूल के 100 मीटर दायरे में पान-गुटखा सिगरेट बेचने वाली दुकानों पर छापेमारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**जलडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा के निर्देश पर बुधवार को जलडेगा सीओ शंभू राम और जलडेगा थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार की संयुक्त टीम ने गुटखा-पान मसाला के खिलाफ छापामारी अभियान चलाकर स्कूल परिसर के दायरे में आने वाले दो दुकानों से करीब 1000 पीस गुटखा जप्त करने के बाद आग जलाकर नष्ट कर दिया। अभियान में मजिस्ट्रेट के रूप में प्रतिनियुक्त सीओ शंभू राम ने बताया कि उपायुक्त सिमडेगा के निर्देश पर कारवाई की गई है। ये कारवाई आगे भी जारी रहेगी। फिलहाल स्कूल परिसर के बाहर गुटखा - पान, सिगरेट आदि बेचने वाले दुकानदारों को हिदायत दे दी गई है। इसके बाद भी यदि दुकानदार प्रशासन की बातों को नजरअंदाज करेंगे तो निश्चित रूप से कानूनी कार्रवाई करते हुए दुकान को सील कर दिया जायेगा। ज्ञात हो कि एक दिन पूर्व उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एनसीओआरडी समिति की बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में एनसीओआरडी की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिले में अवैध रूप से नशीले पदार्थों पर रोक लगाने के निर्देश दिया था। साथ ही उन्होंने विद्यालयों के बाहर छोटे दुकानों के लगाने जिनके द्वारा नशीले पदार्थों के बिक्री करने की संभावना है वाले दुकानों को वहां से शिफ्ट करवाने का निर्देश दिया। विद्यालय के बाहर या 100 मीटर परीधि के आस पास गुटखा, पान, सिगरेट आदि की बिक्री पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा उपायुक्त ने विद्यार्थियों को किसी नशीले पदार्थों का लत न लगे इसके लिए नियमित जांच एवं आवश्यक छापेमारी करने की बात कही थी।

# भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर डाक बंगला में हुई एक दिवसीय कार्यशाला

**नवीन मेल संवादाता**



**बानो।** संगठन महापर्व सदस्यता अभियान को लेकर बानो डाक बंगला में भाजपा कार्यकर्ताओं को लेकर कार्यशाला का आयोजन।बैठक की अध्यक्षता बानो मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह ने किया। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि संगठन के निर्देशानुसार पूरे झारखंड में 22 दिसंबर से संगठन महापर्व सदस्यता अभियान प्रारंभ होगा,कार्यकर्ता 8800002024 पर मिस्ड कॉल कर एसएमएस के द्वारा प्राप्त लिंक पर जाकर विवरण भर कर भाजपा की सदस्यता ले सकते हैं। बूथ से लेकर जिला स्तर तक सभी कार्यकर्ताओं को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर भाजपा सदस्य बनाना है अलग-अलग पदाधिकारी के लिए प्रदेश द्वारा लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। 22 दिसंबर से सदस्यता अभियान कार्य प्रारंभ कर देना है।भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुषमा देवी ने कहा की भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है, झारखंड विधानसभा चुनाव के परिणाम से हम निराश हैं परंतु हौसला कम नहीं हुआ है संगठन महापर्व सदस्यता अभियान में भाग लेकर हम संगठन को मजबूत करें एवं आने वाले 2029 के चुनाव में पुनः झारखंड में कमल खिलाने का संकल्प ले कर चले ।मौके पर महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रीना देवी, कल्पना तमगडिया,देवांति कुमारी,सावित्री नायक, पुषो देवी, फिरू बड़ाइकरूकमणि देवी, ममता देवी, विश्वनाथ बड़ाइक, गणेश बड़ाइक, भोला बड़ाइक, रामचंद्र, रामकिशोर,रामप्रसाद,सहित कई भाजपा कार्य करता शामिल थे।

# एमवीआई के नेतृत्व चला वाहन चेकिंग अभियान,43 हजार का वसूला जुर्माना




**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** डीसी अजय कुमार सिंह एवं एसपी सौरभ कुमार के निर्देश पर जिला परिवहन विभाग के द्वारा स्पेशल ड्राइव चलते हुए जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में परिवहन विभाग के द्वारा एमवीआई प्रकाश रंजन के नेतृत्व में जलडेगा थाना में सघन रूप से वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान कुल 45,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इस दौरान सभी दो पहिया, चार पहिया एवं सवारी ऑटो के दस्तावेजों की जांच की गई। जिन वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए एवं जो चालक बिना हेलमेट के वाहन चलाते पकड़ा गया उनके ऊपर मोटरयान अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत जुर्माना किया गया।इस दौरान परिवहन विभाग के सिद्धार्थ राज,नितेश कुमार,जलडेगा थाना प्रभारी एवं सहस्त्र बल मौजूद रहे।इधर डीटीओ संजय कुमार बाखला ने सख्त लहजे में सभी व्यवसायिक वाहनों के स्वामियों को चेतावनी देते हुए कहा कि सभी वाहन मालिक जल्द से जल्द अपने अपने वाहनों का बकाया रॉड टैक्स को भर दें।अन्यथा जांच के दौरान जिन वाहनों का रॉड टैक्स बकाया पाया जाता है,वैसे वाहन मालिकों पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी।

## पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के अन्तर्गत 03 दिवसीय प्रशिक्षण

**बानो।** पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के अन्तर्गत बानो में बुधवार से 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के 500 आंगनबाड़ी सेविकाओं को 05 बैंच में प्रशिक्षण दिया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सिमडेगा द्वारा बताया गया कि 0-6 वर्ष के बच्चों के समग्र विकास के लिए पोषण के साथ उनकी शिक्षा भी बहुत आवश्यक है। पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम सरकार की एक महत्वकांक्षी पहल है, जिसका उद्येश्य जिले के बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है। यह कार्यक्रम बच्चों को सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, बल्कि स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक पोषण भी प्रदान करता है। आईसीडीएस के तहत बच्चों को पोषक आहार दिया जाता है। माता-पिता को बच्चों के पोषण व शिक्षा में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि वे अपने बच्चों के पोषण एवं शिक्षा पर आवश्यक ध्यान रख सके। सिमडेगा जिला अन्तर्गत मास्टर्स ट्रेनर्स के रूप में प्रशिक्षित महिला पर्यवेक्षिकाओं द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई है।

# दो दिवसीय कृषि प्रशिक्षण में किसानों को दी गई हाई वैल्यू क्रॉप की जानकारी




**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** प्रखंड के सिलिंगा में मंगलवार को लिड्स संस्था द्वारा आयोजित दो दिवसीय हाई वैल्यू क्रॉप प्रशिक्षण का समापन किया गया। किसानों को जानकारी देते हुए जलडेगा एग्रो के सीईओ सोनू सिंह ने खेती में होने वाले खाद प्रबंधन, किट प्रबंधन, रोग प्रबंधन, उपचार, कृषि तकनीकी, जल प्रबंधन एंव कृषि संबंधी योजना की विस्तृत जानकारी दी। वहीं उन्होंने उद्यान विकास योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) के तहत किसानों को 90%अनुदान पर टपक सिंचाई एंव स्प्रिंकलर जिससे 70% तक जल का बचत होता है, पीएम कुमूम योजना के द्वारा किसानों को 96% अनुदान पर सौर सिंचाई का लाभ दिया जाता है, बिज वितरण योजना से किसान ब्लॉक से उन्नत किस्म का बीज प्राप्त कर सकते हैं, राज्य योजना अंतर्गत कृषि उपकरण एवं स्वयं सहायता समूह या किसान उत्पादक संगठनों को कृषि उपकरण बैंक का लाभ भूमि संरक्षण के द्वारा दिया जाता है किसान सिंचाई हेतु सिंचाई पम्प सेट एंव सिंचाई पाइप भी 90% अनुदान पर भूमि संरक्षण से लेने के लिए प्रेरित किया। दो दिवसीय प्रशिक्षण में लीड्स के प्रखंड समन्वयक आलोक कुमार, लीड्स के कार्यकर्ता फ्रिस्का केरकेट्टा और कलिंद्र प्रधान ने किसानों को पोषण वाटिका, अन्नपूर्णा मॉडल, किसान पाठशाला की जानकारी दी और किसानों को ज्यादा से ज्यादा कृषि योजनाएं का लाभ लेने के लिए कहा। प्रशिक्षण के अंतिम दिन किसानों के बीच के बीच प्रखंड कृषि पदाधिकारी बृज बिहारी प्रसाद के सहयोग से मक्का बीज, नैनो युरिया खाद एवं निम तेल (कीटनाशक) का वितरण किया गया।

## जल जंगल जमीन हमारी जीवन का आधार अलेकसियुस टोप्पो

**जलडेगा।** जलडेगा पंचायत सभागार में प्रखंड स्तरीय ग्राम सभा मंच का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला प्रखंड अध्यक्ष जोसेफ लुगुन की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसके मुख्यातिथि झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन के केंद्रीय प्रभारी अलेकसियुस टोप्पो सूर्यमणि भगत एवं राजेश कुमार महतो के साथ सिमडेगा जिला ग्राम सभा मंच के अध्यक्ष श समर्पण सुरीन की उपस्थित रही। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वनवासी वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम 2006 नियम 2008 एवं संशोधित अधिनियम 2012 के आधार पर कहा कि यह कानून पूरे भारत देश में लागू है और या वनों का सीमांकन होने के समय हुए ऐतिहासिक अन्याय से निदान हेतु बनाया गया है इस अधिनियम में 14 धारा और 16 नियम बनाए गए हैं जिसमें मुख्यतः चार बड़े अधिकार ग्राम सभा के पक्ष में दिया गया है। इस अवसर पर राजेश कुमार महतो ने कहा कि धरती आबा जन जातिय ग्राम उत्कर्ष अभियान का लाभ सीधे ग्राम सभा को मिलेगी।

# जिले में खेल के विकास के लिए बनेंगे फुटबॉल और क्रिकेट के स्टेडियम: विधायक भूषण बाड़ा

● पत्रकार आमिर हाशमी स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में चैंपियन बनी अफजल 11 की टीम

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** अजाद हिंद क्लब के तत्वावधान में आयोजित पत्रकार आमिर हाशमी स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन मंगलवार की देर रात भव्य आतिशबाजी के बीच हुआ। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रुप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में डीसी अजय कुमार सिंह,एसपी सौरभ कुमार उपस्थित थे। प्रतियोगिता का फाईनल मैच मोबाइल एक्सप्रेस बनाम अफजल 11 के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मोबाइल एक्सप्रेस की टीम निर्धारित 8 ओवर में 70 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी अफजल 11 की टीम 3 विकेट से मैच को जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अफजल 11 के कैस को दिया गया। वहीं प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मोबाइल एक्सप्रेस के गोलू को दिया गया। वहीं गोलू को ही बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार से नवाजा गया। बेस्ट बॉलर का पुरस्कार अफजल 11 के जैद, बेस्ट फील्डर का पुरस्कार यारों की यारी टीम के माशूक और अनुशासित टीम का पुरस्कार ए फैशन टीम को दिया गया। प्रतियोगिता के विजेता टीम को विधायक भूषण बाड़ा की ओर से 51 हजार रुपए की नकद राशि और उपविजेता टीम को समाजसेवी भरत प्रसाद की ओर से 31 हजार रु की नकद राशि दी गई। विजेता और उपविजेता टीमों के अलावा उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने वाले टीमों को समलेश्वरी स्टेशनरी की ओर से मोमेंटो और कप दिए गए। मौके पर विधायक ने कहा कि खेल और खिलाड़ियों का तेजी के साथ विकास किया जा रहा है। जिले में क्रिकेट खेल के प्रति बढ़ती लोकप्रियता आने वाले दिनों के लिए शुभ संकेत है। उसमें इस प्रतियोगिता का अहम योगदान होगा। उन्होंने प्रतियोगिता को आगे बढ़ाने एवं भव्य रुप देने के लिए हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जिले में खेल के विकास के लिए क्रिकेट और फुटबॉल के स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा। मौके पर मंच संचालन दीपक रिंकू ने किया। इससे पूर्व आगंतुकों का स्वागत समिति के संरक्षक मो गयास ने किया। कार्यक्रम में डीएसपी रणवीर सिंह,सीओ इम्तियाज अहमद,अनुमंडल सहकारिता पदाधिकारी कर्मवीर मेहता,अधिवक्ता शमीम अख्तर,विधायक प्रतिनिधि शमी आलम,शकील अहमद,शशि गुड़िया,पवन जैन,शीतल, डॉ इम्तियाज सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में अध्यक्ष मो हारिश, उम्राज, वशी, मुनव्वर बासित, कुंवर, शाद, दानिश, अप्पू, मुजस्सम,सदाब, सैफ, आकिब, उज्जैर, मंजूर, जैद, फरहान, उमम,मामून,अफजाल,सुहैल आदि का योगदान रहा।

# भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर हुआ कार्यशाला का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** भारतीय जनता पार्टी ठेठईटांगर मंडल के सामुदायिक भवन में संगठन महापर्व कार्यक्रम के निमित्त सदस्यता अभियान कार्यशाला बैठक मंडल अध्यक्ष सूरजन प्रधान कि अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।बैठक में मुख्य रूप से कार्यशाला बैठक प्रभारी संजय ठाकुर एवं सह प्रभारी अनिरुद्ध सिंह उपस्थित हुए।प्रभारी संजय ठाकुर ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कार्यकर्ताओं का होशला बढ़ाया और कहा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव के हार से विचलित नहीं हैं और राजनितिक पार्टियां हार से बिखर जाती है पर हम भाजपा के कार्यकर्ता हार से बिखरते नहीं हैं और निखरते हैं हमें संगठन महापर्व सदस्या अभियान को भाजपा का एक -एक कार्यकर्ता मंडल पंचायत से लेकर बूथस्तर तक युद्धस्तर पर सदस्यता का कार्य पूर्ण कर जिलास्तर तक पार्टी को और भी सशक्त बनानी होगी।22 दिसंबर से सभी शक्तिकेन्द्रो में सदस्यता अभियान कि शुरुवात होगी 23,24 एवं 25 दिसंबर अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म जयंती तक विशेष अभियान चलाकर प्रत्येक शक्तिकेंद्र पर कम से कम 250 प्राथमिक सदस्य बनानी है !

22 दिसंबर से 14 जनवरी तक प्राथमिक सदस्य बनानी है।02 जनवरी से 15 जनवरी तक सक्रिय सदस्य बनानी है।100 प्राथमिक सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ता ही सक्रिय सदस्य बन पाएंगे।01फरवरी से 10 फरवरी तक बूथ कमेटी का पूर्णगठन का कार्य सम्पन्न करना है ! प्रत्येक बूथ पर 11 सदस्यों कि बूथ कमेटी गठित होगी जिसमें 05 सदस्य महिलाएं अनिवार्य होंगी।20 से 25 फरवरी तक मंडल अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न होगी।बैठक में मुख्य रूप से जिला मंत्री नरेन्द्र बड़ाईक,एस० सी० मोर्चा जिलाध्यक्ष विराज नायक,बसंत प्रधान,वेदप्रकाश, रिखिमुनी देवी, मंतागी देवी,सुनीता देवी, बालेश्वर प्रधान, सोमरा नाग, बलबीर प्रधान, रमेश प्रधान, पिरयचंद बड़ाईक,संजय राम,बसंत प्रधान,मंजित इंदवार, जगतपाल प्रधान,मनोज सिंह इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# न्यूज बॉक्स

## कुरडेग पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान



**कुरडेग।** पुलिस अधिक्षक सिमडेगा के आदेशानुसार कुरडेग पुलिस थाना प्रभारी नवीन कुमार के नेतृत्व में बुधवार को थाना गेट के समीप सघन वाहन जाँच अभियान चलाया ।वाहन जाँच में पुलिस के द्वारा दो पहिया व चार पहिया वाहनो की डिक्की , हेलमेट , ड्राइभिंग लाइसेंस , प्रदूषण , फिटनेस सहित कई कागजातों की जाँच की गई तथा चार पहिया वाहनो की डिक्की की तलाशी ली गई । वहीं बगैर हेलमेट एवं वाहन के कागजातों में त्रुटि पाए जाने पर कुल 3 बाइक चालको का चालान काटा गया । वाहन चेकिंग से चालकों में हड़कम्प मच गया । कई चालक रास्ता बदलकर गलियों से निकलते देखे गये । मौके पर थाना प्रभारी नवीन कुमार , एस आई सुधीर कुमार सहित पुलिस के जवान मौजूद थे।

## बानो थाना परिषर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**बानो।** थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्य्रक्रम का आयोजन आरक्षी निरीक्षक रामानुज कुमार वर्मा की उपस्थिति में शुरुआत हुई ।उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य यह है सदुर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग थाना पहुंच कर पुलिस से सम्बंधित अपनी समस्या के लिए आवेदन दें ,समस्या का समाधान त्वरित किया जाएगा। थाना प्रभारी विकाश कुमार ने बताया कि विभिन्न मामलों से सम्बंधित कुल 6 आवेदन प्राप्त हुए जिसका समाधान त्वरित किया जाएगा। कार्यक्रम में महाबुआंग थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, गिरदा ओपी प्रभारी शाह जी , पीएलवी अशोक तिवारी, संतोष कुमार साहू, प्रदीप कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## सामुदायिक पुलिसिंग के तहत एक दिवसीय टी10 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 21 को

**बानो।** सामुदायिक पुलिसिंग के तहत एक दिवसीय टी 10 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन जयपाल सिंह खेल मैदान बानो में 21 दिसम्बर किया जाएगा। थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि क्रिकेट टूर्नामेंट 10/10 ओवर का होगा, इसमें कुल 8 टीमें भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि विजेता एवं उप विजेता टीम को ट्राफी , जर्सी देकर पुरस्कृत किया जाएगा ।खेल को सम्पन्न कराने को लेकर बिरसा मुंडा खेल समिति के अध्यक्ष संतोष साहू, प्रदीप कुमार एवं खेल समिति के सदस्यों से चर्चा की गई।

## बानो मुखिया ने समडेगा स्कूल में मध्याह्न भोजन का किया निरीक्षण

**बानो।** बानो पंचायत के मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक ने बुधवार को प्राथमिक कन्या विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय भिखराटोली एवं राउ मध्य विद्यालय समडेगा बस्ती के निरीक्षण किए। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में बच्चों को दिए जानेवाले मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण कर मेनू के आधार पर भोजन दिया जा रहा है या नहीं,उस पर जाँच किया ।उन्होंने बच्चों के भोजन को लेकर कई निर्देश दिए। विद्यालय में बच्चों के लिए शुद्ध पेयजल, शौचालय, भवन की स्थिति, एवं बच्चों को हाथ धोने की ब्यवस्था की जांच किये ।इस दौरान उन्होंने प्राथमिक कन्या विद्यालय बानो नवाटोली एवं मध्यविद्यालय के जर्जर भवन की स्थिति की जानकारी लिए। कन्या विद्यालय में जलमीनार एवं हाथ धुलाई यरे लिए टंकी लगवाने की बात कही है ।निरीक्षण के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## गुजरात काम करने गया युवक की ने की आत्महत्या परिजनों का रोकर बुरा हाल

**बानो।** बानो प्रखंड अंतर्गत साहूबेरा पंचायत अंतर्गत हटिंगहोरे सेमर टोली निवासी विकास सिंह अपने गांव से गुजरात काम करने के लिए गया था। ग्रामीणों ने बताया की विकास सिंह किसी बात कों लेकर परेशान था 14 दिसंबर2024 को शाम मे आत्महत्या कर जिन्दंगी समाप्त कर ली। विकास सिंह को गुजरात से कंपनी का कॉन्टैक्टर 17 दिसंबर 2024को विकास सिंह के शव को बानो हटिंगहोरे सेमर टोली अपने घर पहुंचा। इनके घर में इसके परिवार वाले का रो-रो कर बुरा हाल है। गुजरात में विकास सिंह सरिया बांधने का काम करता था। विकास सिंह का अंतिम संस्कार कोयल नदी किया गया ।विकास सिंह के परिवार वाले ने प्रशासन एवं सरकार से मदद की गुहार लगाया।

## अंचलाधिकारी नईमुदीन अंसारी के नेतृत्व में बानो पुलिस द्वारा वाहन जांच अभियान

**बानो।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह व एसपी सौरव कुमार के निर्देश पर बानो में बानो कोलेबिरा मुख्य पथ पर पबुड़ा मोड़ के पास अंचलाधिकारी नईमुदीन अंसारी के नेतृत्व में बानो पुलिस द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के तहत दो पहिया, चार पहिया एवं बड़े बाहनो का कागजातों का बारीकी से जांच की गई ।दो पहिया वाहन चालकों को सख्त चेतावनी दी गई कि बिना हेलमेट के गाड़ी न चलायें। गाड़ी के कागजात अपने साथ रखें ।गाड़ी जांच अभियान में पकड़े जाने पर कार्यवाही भी हो सकती है । उधर एसआई शंकर उरांव के नेतृत्व में महाबुवांग मोड़ के पास वाहन जांच अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी विकास कुमार बानो ने लोगो से अपील किया है कि बढ़ते सड़क दुर्घटना को देखते हुए स्पेशल जांच अभियान चलाई जा रही है। गाड़ी हेलमेट लगाकर चले ।साथ ही वाहन के सभी कागजात अपने पास रखें।

## विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर आईटीडीए विभाग के कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सिमडेगा।** विश्व 'अल्पसंख्यक अधिकार दिवस' का आयोजन परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, सिमडेगा के तत्वाधान में बुधवार को अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास, भटठी टोली में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अल्पसंख्यक समुदाय के लगभग 200 व्यक्ति उपस्थित हुए। उपस्थित जनसमूह को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में परियोजना निदेशक, आई.टी.डी.ए. सिमडेगा, सिविल सर्जन, सिमडेगा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सिमडेगा, जिला शिक्षा अधीक्षक, सिमडेगा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जे.एस.एल.पी. एल, सिमडेगा द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में जैन समाज के प्रेमचन्द जैन, सेंट्रल अनजुमन के अध्यक्ष मो. ग्यास एवं उपाध्यक्ष मो. मोजाहिद के द्वारा भी कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया गया।

## कृषि विज्ञान केंद्र बानो में 15 दिवसीय उर्वरक अनुज्ञप्ति प्रशिक्षण हुआ प्रारंभ

**बानो।** बानो प्रखण्ड के कृषि विज्ञान केन्द्र बानो में 15 दिवस उर्वरक अनुज्ञपति सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।प्रशिक्षण का उद्घाटन कृषि बैज्ञानिक डॉ०हिमांशु कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया प्रशिक्षण में विभिन्न लैंप्स और पैक्स के प्रतिनिधी उपस्तिः थे। इस प्रशिक्षण में 35 उम्मीदवार उपस्तिः थे। इस प्रशिक्षण में कृषि विज्ञान केन्द्र पाबूडाके डॉक्टर हिमांशु कुमार और डॉक्टर बंधनू उरांव , डॉक्टर अभय कुमार जिला सहकारिता पदाधिकारी, सहायक तकनीकी प्रबंधक ओबैदुल्लाह एहरार आदि लोग उपस्थित थे।

